रोहतक
बुधवार, 3 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 28, अंक : 66
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 30.0
न्यून. 13.6

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 मोदी कभी छुट्टी नहीं लेते, जबकि राहुल गांधी विदेश में अपनी छुट्टियां मनाते हैं : शाह




*चुनाव रद करने के लिए मुंबई हाईकोर्ट के फैसले की दलील दी*

# करनाल उपचुनाव पर प्रदेश सरकार और ईसी ने दायर किया जवाब, हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** करनाल विधानसभा सीट के लिए 25 मई को होने वाले उप-चुनाव को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में दूसरे दिन भी सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की डेट लगाई थी। इसके बाद सरकार और भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। जस्टिस सुधीर सिंह व जस्टिस हर्ष बांगड पर आधारित बेंच ने कई घंटे तक चली बहस के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

### करनाल निवासी कुनाल ने दायर की थी याचिका

करनाल निवासी कुनाल द्वारा दायर याचिका में कानून का हवाला देकर कहा गया है कि आयोग उपचुनाव नहीं करा सकता, क्योंकि हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल एक वर्ष से कम है। याचिका में ईसीआई को करनाल विधानसभा क्षेत्र के लिए जारी चुनाव कार्यक्रम को रद करने का निर्देश देने की मांग की गई है।



### 13 मार्च को खाली हुई सीट

करनाल विधानसभा सीट 13 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के इस्तीफे के कारण खाली हुई थी। हरियाणा में विधानसभा के आम चुनाव इस साल अक्टूबर में होने हैं। याचिकाकर्ता द्वारा चुनाव आयोग तथा हरियाणा सरकार को दी गई याचिका की अग्रिम प्रतियों के अनुसार, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 151ए के परविधान (ए) के अवलोकन से ही पता चलता है कि यदि विधानसभा का कार्यकाल एक वर्ष से कम है तो चुनाव आयोग के पास उपचुनाव कराने का कोई अधिकार नहीं है।

### महाराष्ट्र का दिया हवाला

याचिका में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि महाराष्ट्र के अकोला निर्वाचन क्षेत्र के संबंधित उप चुनाव बारे चुनाव आयोग ने 15 मार्च को चुनाव कार्यक्रम घोषित किया था। चुनाव आयोग के इस फैसले को बाम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। हालांकि, बाम्बे हाईकोर्ट ने चुनाव अधिसूचना को इस आधार पर रद्द कर दिया कि विधानसभा का कार्यकाल पूरा होने में एक वर्ष से भी कम समय बचा है।बाम्बे उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ के इस आदेश के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने 27 मार्च को अकोला निर्वाचन क्षेत्र के संबंधित उपचुनाव को रोक दिया था।

# विदेश से चिकित्सा स्नातक करने वालों से अलग व्यवहार नहीं करें

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विदेश से चिकित्सा स्नातक करने वालों के साथ अलग व्यवहार नहीं किया जा सकता। उन्हें इंटर्नशिप के दौरान उन साथियों के समान ही वजीफा दिया जाना चाहिए, जिन्होंने भारतीय कॉलेजों से एमबीबीएस किया है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया व न्यायमूर्ति प्रसन्ना भालचंद्र वराले की पीठ ने कुछ चिकित्सकों की ओर से पक्ष रख रही वकील तन्वी दुबे की दलीलों पर संज्ञान लिया कि कुछ मेडिकल कॉलेजों में विदेशी चिकित्सा स्नातकों को उनकी इंटर्नशिप के दौरान 'स्टाइपेंड' नहीं दिया जा रहा है। पीठ ने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) से तीन कॉलेजों का ब्योरा मांगा, जिसमें विदेशी चिकित्सा स्नातकों को 'मानदेय' के भुगतान की जानकारी हो।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश

कुछ मेडिकल कॉलेजों में विदेशी चिकित्सा स्नातकों को इंटर्नशिप के दौरान 'स्टाइपेंड' नहीं दिया जा रहा

## खबर संक्षेप

### फिनलैंड के स्कूल में गोलीबारी, छात्र की मौत

**हेलसिंकी।** दक्षिणी फिनलैंड के एक माध्यमिक स्कूल में 12 वर्ष के एक छात्र ने गोलीबारी की, जिससे एक छात्र की मौत और 2 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बाद में संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया। सुबह नौ बजकर करीब आठ मिनट पर सूचना मिली कि हेलसिंकी के बाहरी क्षेत्र वंता शहर में 800 छात्रों वाले माध्यमिक स्कूल में गोलीबारी हुई है। एजेंसी

### अनंतनाग-राजौरी सीट से चुनाव लड़ेंगे आजाद

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। उनकी पार्टी डीपीएपी ने यह घोषणा की। आजाद ने 2022 में कांग्रेस छोड़ दी थी। उन्होंने कांग्रेस के साथ अपने पांच दशक लंबे जुड़ाव को समाप्त करते हुए राजनीतिक संगठन-डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) का गठन किया। डीपीएपी के नेता ताज मोहिउद्दीन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भाषा

### उड़ान रद होने व देरी पर रोज देनी होगी जानकारी

**नई दिल्ली।** विमानन निगरानी संस्था डीजीसीए ने विस्तारा को उड़ान रद होने के साथ-साथ देरी पर दैनिक रूप से जानकारी देने को कहा है। डीजीसीए ने कहा, यात्रियों को कम असुविधा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वह विस्तारा के उड़ान रद करने के मामलों पर नजर रख रही है। एयरलाइन के पायलटों की कमी के कारण हाल ही में बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करने के मामले सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है। भाषा

### मुठभेड़ में एक महिला समेत 10 नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लेंड्रा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 10 नक्सलियों को मार गिराया है। गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सोमवार को सुरक्षाबलों को नक्सल रोधी अभियान के तहत रवाना किया गया था। भाषा

## दिल्ली शराब नीति मामला

# आप सांसद संजय को 6 माह बाद मिली बेल

*सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, जब पैसा बरामद नहीं तो कैद क्यों?*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत दे दी। मनी लॉन्ड्रिंग केस में संजय को पिछले साल चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी से सवाल किया कि क्या संजय को और ज्यादा दिन जेल में रखे जाने की जरूरत है। 6 माह तक वे जेल में रहे। ईडी ने कहा कि हमें कोई ऐतराज नहीं है। इसके बाद अदालत ने संजय सिंह को जमानत दे दी। कोर्ट ने ईडी से सवाल किया कि जब अब तक पैसा बरामद नहीं हुआ है तो कैद क्यों। कोर्ट ने कहा कि आप राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं, लेकिन मामले के संबंध में कोई बयान नहीं दे सकते।



### घोटाले के सरगना व मुख्य षडयंत्रकारी' हैं केजरीवाल

ईडी ने दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 'आबकारी घोटाले' के 'सरगना' एवं 'षडयंत्रकारी' हैं और इसके पास उपलब्ध सामग्री के आधार पर यह मानने के कारण हैं कि वह धनशोधन के अपराध के दोषी हैं। आप ने केजरीवाल के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध किया है। पार्टी ने गोवा विधानसभा चुनाव 2022 में शराब घोटाले के लगभग 45 करोड़ रुपये खर्च किए।

### तिहाड़ में केजरीवाल का शुगर लेवल गिरा

दिल्ली शराब नीति केस में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पहली रात घूमते-टहलते बीती। सूत्रों ने जेल अधिकारी के हवाले से जानकारी दी है कि केजरीवाल 14X8 फीट की कोठरी में रातभर घूमते रहे। वे सिर्फ कुछ देर के लिए ही सीमेंट की फर्श पर सोए। तिहाड़ जेल के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह केजरीवाल का शुगर लेवल कम था। वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उन्हें सोमवार शाम 4 बजे तिहाड़ जेल लाया गया था। बैरक में भेजने से पहले मेडिकल में भी उनका शुगर लेवल 50 दर्ज हुआ था। डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें दवाएं दी गईं थीं।



## राजस्थान व उत्तराखंड से पीएम मोदी का 'इंडिया' पर बड़ा हमला

# भ्रष्टाचार पर कार्रवाई रोकने को रैलियां कर रहे भ्रष्टाचारी

**जयपुर/रुद्रपुर (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राजस्थान में भाजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत की। जयपुर के पास कोटपूतली में मोदी ने कहा कि यह पहला चुनाव है जब भ्रष्टाचारी मिलकर भ्रष्टाचार पर हो रही कार्रवाई रोकने के लिए रैली कर रहे हैं। कांग्रेस गठबंधन देश के लिए, अपने परिवार को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। आज देश में भाजपा का मतलब है, विकास और समाधान, लेकिन कांग्रेस का मतलब है-देश की हर बीमारी की जड़। आप देश की कोई बड़ी समस्या देखेंगे तो उसकी जड़ में कांग्रेस पार्टी ही नजर आएगी। सात दशकों तक देश में गरीबी रही, डिफेंस टेक्नोलॉजी में दूसरे देशों की तरफ देखना पड़ा, यह सब कांग्रेस की वजह है। यह पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें सारे भ्रष्टाचारी मिलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई रोकने के लिए रैली कर रहे है। मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वे कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ।' आज देश में भाजपा की मजबूत और निर्णायक सरकार की जरूरत और ज्यादा बढ़ गई है। मैं परिवारवादी पार्टियों व उनके भ्रष्टाचार पर सवाल उठाता हूं इसलिए मैं उनके निशाने पर हूं। मोदी मौज करने के लिए नहीं जन्मा है, बल्कि मेहनत करने के लिए जन्म लिया है।

■ यह पहला आम चुनाव, जिसमें सभी भ्रष्टाचारी एक मंच पर ■ परिवारवादी पार्टियां परिवार बचाने के लिए रैलियां कर रही ■ मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वे कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ ■ मोदी मौज करने के लिए नहीं मेहनत करने के लिए जन्मा ■ तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसले लेंगे ■ देश के विकास के लिए हर कदम उठाएंगे



### ऐसे किए प्रहार

मोदी ने कहा, ये पहला ऐसा चुनाव है जिसमें कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता खुद के चुनाव जीतने की बात नहीं कर रहे हैं...। खुद जीतेंगे या नहीं जीतेंगे उस पर वे मौन रहते हैं, लेकिन वे देश को धमकी दे रहे हैं कि अगर भाजपा जीती तो देश में आग लग जाएगी। मोदी 10 साल से बैठा है जो तुम्हारी लगाई हुई आग को बुझा रहा है।' 2024 का यह लोकसभा चुनाव विकसित राजस्थान और विकसित भारत के संकल्प का चुनाव है।

### तीसरे कार्यकाल में फ्री बिजली देने का लक्ष्य

मोदी ने मंगलवार को उत्तराखंड के रुद्रपुर में भी चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार तीसरे टर्म में फ्री बिजली देने की योजना बना रही है। हर घर में सोलर बिजली प्लांट लगाने की भी योजना है। सरकार की नीयत सही हो, तो नतीजे भी सही आते हैं। कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे ने ऐलान किया है कि अगर देश ने तीसरी बार मोदी सरकार को चुना, तो देश में आग लग जाएगी। 60 साल तक देश पर राज करने वाले 10 साल सत्ता से बाहर क्या रह गए, अब देश में आग लगाने की बात कर रहे हैं। ऐसे लोगों को चुन-चुनकर साफ कर दो, ऐसे लोगों को मैदान में मत रहने दो भाइयों।

### तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक निर्णयों वाला होगा

मोदी ने कहा- वो कहते हैं कि मेरा परिवार नहीं है, इसलिए मुझे भ्रष्टाचार की जरूरत नहीं है। उनका परिवार है तो क्या भ्रष्टाचार करने का लाइसेंस मिल जाता है क्या? मोदी ने कहा कि बहुत कुछ हुआ होगा, लेकिन दस साल में जो हुआ, वो सिर्फ ट्रेलर है। भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक निर्णयों वाला होने वाला है। कांग्रेस ने देश को डराकर रखा कि राम मंदिर का नाम लिया तो देश जल जाएगा, आग लग जाएगी। भव्य राम मंदिर बना। दीपक जले और कहीं आग भी नहीं लगी। इस सभा के जरिए वे जयपुर ग्रामीण सहित इससे सटी दो अन्य लोकसभा सीट सीकर और अलवर को भी साधने की कोशिश की। इस लोकसभा चुनाव में राजस्थान में मोदी की पहली सभा थी।

*पिकनिक मनाकर लौट रहे थे*

# बाराबंकी में बस पलटी, 6 बच्चों की मौत, 40 घायल

**बाराबंकी (एजेंसी)।** बाराबंकी में मंगलवार शाम तेज रफ्तार स्कूली बच्चों से भरी बस पलट गई। हादसे में 6 बच्चों की मौत हो गई। 25 बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने शीशा तोड़कर बस में फंसे बच्चों को बाहर निकाला। जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। घायल बच्चों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसा बाराबंकी के देवा थाना क्षेत्र के सलारपुर में हुआ। सूरतगंज कस्बे के कंपोजिट स्कूल के बच्चे लखनऊ चिड़ियाघर पिकनिक मनाने गए थे। लौटते समय बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हादसा हो गया।

**बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा**

*टीएमसी नेता की मुश्किलें बढ़ी*

# महुआ के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज

**नई दिल्ली(भाषा)।** टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ ईडी ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। कैश फॉर क्वेरी केस में सीबीआई की एफआईआर के आधार पर यह केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि उन्होंने फेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) नियमों का उल्लंघन किया है। इससे पहले महुआ को ईडी ने फेमा से जुड़े एक मामले में समन भेजकर 28 मार्च को पेश होने का कहा था। कुछ फॉरेन ट्रांजैक्शन व एक एनआरआई खाते से जुड़े लेनदेन भी एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। लेकिन उन्होंने लोकसभा चुनाव प्रचार में व्यस्त होने का हवाला देकर पेश होने से इनकार कर दिया था।



*रिनोवेशन के दौरान हादसा*

# तुर्किये के नाइट क्लब में आग, 29 की जान गई

**इस्तांबुल(एजेंसी)।** तुर्किये के एक नाइट क्लब में मंगलवार को आग लग गई। तुर्किये की न्यूज एजेंसी एंदेलोउ के मुताबिक- अब तक 29 लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोग गंभीर हैं। हादसे के वक्त यह नाइट क्लब बंद था और इसमें रिनोवेशन वर्क चल रहा था। मारे गए ज्यादातर लोग मजदूर थे। 8 लोगों को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- इस्तांबुल के पॉश रिहाइशी इलाके में एक 16 मंजिला इमारत है। इसके बेसमेंट में यह नाइट क्लब था। यहां के गवर्नर दावुत गुल ने मीडिया से कहा-यह हादसा भी हो सकता है और साजिश भी। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**मारे गए लोगों में ज्यादातर मजदूर, पांच गिरफ्तार**

*हिंदू पक्षकार का दावा*

# भोजशाला में हिंदू प्रतीक चिह्न वाला तहखाना मिला

**धार (भाषा)।** मध्यप्रदेश के धार के भोजशाला मसले से जुड़े एक हिंदू पक्षकार ने मंगलवार को दावा किया कि भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में चल रहे सर्वेक्षण के दौरान हिंदुओं के धार्मिक प्रतीक चिह्नों और वस्तुओं वाला तहखाना मिला है। हालांकि, मुस्लिम पक्ष ने आरोप लगाया कि यह दावा भ्रामक है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने भोजशाला के विवादित परिसर में 22 मार्च से सर्वेक्षण शुरू किया था। यह आदेश भोजशाला मसले में अदालत में याचिका दायर करने वाले एक हिंदू संगठन के आवेदन पर दिया गया था। उच्चतम न्यायालय ने भोजशाला के परिसर के सर्वेक्षण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

**मुस्लिम पक्ष ने आरोप लगाया कि यह दावा भ्रामक**

## सावधानी | लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने की तैयारी

**विशेष पर्यवेक्षक बिहार, बंगाल, यूपी, महाराष्ट्र,आंध्र में तैनात**

■

**संवेदनशील क्षेत्रों पर रखी जाएगी विशेष नजर**

# समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को कई राज्यों में प्रशासनिक, सुरक्षा और व्यय निगरानी के मकसद से विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। आयोग ने कहा कि ये विशेष पर्यवेक्षक शानदार काम की पृष्ठभूमि वाले पूर्व नौकरशाह हैं। इनसे कहा गया है कि ये धनबल, बाहुबल और गलत सूचना के चलते पैदा होने वाली चुनौतियों की पृष्ठभूमि में चुनावी प्रक्रिया की सख्ती से निगरानी करें।




### यहां तैनाती

निर्वाचन आयोग का कहना है कि विशेष पर्यवेक्षकों (सामान्य और पुलिस) को पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार में तैनात किया है जहां की आबादी सात करोड़ से अधिक है। इनकी तैनाती आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भी की गई जहां लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव भी होना है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में विशेष व्यय पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं।

### ईसी की टीम ने हरियाणा के अफसरों के साथ की बैठक

चंडीगढ़। प्रदेश में 25 मई को 6वें चरण में होने वाले लोकसभा के आम चुनाव के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने हरियाणा का दौरा किया और चुनाव प्रबन्धों को लेकर मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की अध्यक्षता में चण्डीगढ़ में समीक्षा बैठक की। बैठक में सम्बंधित विभागों के प्रशासनिक सचिव व पुलिस महानिदेशक भी उपस्थित थे। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त हिरदेश कुमार, उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू व सचिव सौम्यजीत घोष मौजूद रहे। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से हरियाणा ने भारत निर्वाचन आयोग से केंद्रीय सुरक्षा बलों की 200 कम्पनियों की मांग की है जिसमें से 15 कम्पनियां आ चुकी हैं। प्रदेश में 19810 पोलिंग केंद्र बनाए जाएंगे, जिनमें सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसके अलावा, सभी पोलिंग केंद्रों का सम्बंधित जिला निर्वाचन अधिकारी दौरा कर चुके है।

## उम्मीद | विदेश मंत्री जयशंकर बोले, हमें मेहनत और दबाव बनाने की जरूरत



# पूरी दुनिया का रुख भारत के पक्ष में, यूएन में स्थायी सदस्यता मिले

भाषा ▶▶| राजकोट

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता मिलने का विश्वास जताते हुए मंगलवार को कहा कि यह निश्चित रूप से होगा, लेकिन इस दिशा में अत्यधिक प्रयासों की जरूरत होगी। हमें मेहनत और दबाव बनाने की जरूरत है। गुजरात के राजकोट शहर में बुद्धिजीवियों के साथ संवाद में विदेश मंत्री ने कहा कि सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। संयुक्त राष्ट्र के मूल स्थायी सदस्य पांच देशों-चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के प्रभुत्व को रेखांकित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि अब भारत की स्थायी सदस्यता के पक्ष में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर माहौल बन रहा है। जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की स्थापना लगभग 80 वर्ष पहले हुई थी और इन पांच देशों ने आपस में सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का फैसला कर लिया था।

### सिर्फ पांच देशों का नियंत्रण अजीब बात

जयशंकर ने यूएनएससी की स्थापना के ऐतिहासिक संदर्भ का उल्लेख किया जहां पांच देशों को स्थायी सदस्यता मिली थी। उन्होंने आज करीब 193 देशों के साथ आकार ले रहे वैश्विक परिदृश्य की भी बात की। लेकिन इन पांच देशों ने अपना नियंत्रण रखा और अजीब बात है कि आपको किसी बदलाव के लिए उनसे मंजूरी देने के लिए कहना पड़ता है। कुछ सहमत होते हैं, कुछ अन्य ईमानदारी से अपना रुख रखते हैं, वहीं अन्य पीछे से कुछ करते हैं।'

### पूरी दुनिया चाह रही बदलाव

विदेशमंत्री ने कहा, अब पूरी दुनिया में इस तरह की भावना है कि यह बदलना चाहिए और भारत को स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए। मुझे लगता है कि यह भावना हर साल बढ़ रही है। जयशंकर ने कहा, 'हम निश्चित रूप से इसे हासिल करेंगे। लेकिन बिना परिश्रम के कुछ बड़ा हासिल नहीं किया जाता।' 'हमें कठिन परिश्रम करना होगा और इस बार हमें और कड़ी मेहनत करनी होगी।'

### भारत वैश्विक विकास इंजन

केंद्रीय मंत्री ने भारत, जापान, जर्मनी और मिस्र के सहयोगात्मक प्रस्तावों पर प्रगति का भी संकेत दिया जो संयुक्त राष्ट्र के समक्ष रखे गए हैं। उन्होंने भारत की क्षमता को वैश्विक विकास इंजन के रूप में रेखांकित किया। जयशंकर ने कहा कि भारत ने पिछले 10 साल में साबित कर दिया है कि लोकतंत्र में समाधान निकल सकते हैं।



दिनभर की सियासी हलचल

## किसानों से कैसा डर, क्यों ली है जेड प्लस सुरक्षाः अभय


अभय चौटाला

**रोहतक।** इनेलो के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों से खतरे के अंदेशे को देखते जेड प्लस सुरक्षा ली है। हरियाणा एक कृषि प्रधान देश है और किसानों से किस प्रकार का खतरा, ऐसे नेता को तो हरियाणा छोड़कर विदेश चले जाना चाहिए। लोकसभा चुनाव को लेकर उन्होंने साफ कहा कि दो सीटों पर इनेलो की जीत निश्चित है, जबकि बाकी सीटों पर मंथन चल रहा है। जल्द ही प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। वे मंगलवार को इनेलो प्रधान महासचिव दिल्ली बाइपास स्थित एक हाल में लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## भाकियू युवा प्रदेश अध्यक्ष राजीव आर्य आप में शामिल

**पूंडरी/कैथल।** आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने मंगलवार को पूंडरी के पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता की। इससे पूर्व भारतीय किसान यूनियन (मान गुट) के युवा प्रदेश अध्यक्ष राजीव आर्य अपने 100 से ज्यादा समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। डॉ. सुशील गुप्ता ने चुनावी यात्रा गांव बेगपुर से शुरू की। इसके बाद वे गांव जाडौला में लोगों से मिले। वहां से जाजनपुर में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद गांव पबनावा में पहुंचे।

## भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल होगी हर वर्ग की राय

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गठित चुनाव घोषणा पत्र समिति सदस्य एवं राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में हर वर्ग और हर क्षेत्र से व्यापक राय ली गई है। पार्टी का घोषणा पत्र देशवासियों की भावनाओं के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में प्रथम दौर की मैराथन बैठक हो चुकी है, अगली बैठक चार अप्रैल को प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि देशवासी चाहते हैं कि भारत फिर से सोने की चिड़िया बनें। पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देशवासियों की इच्छाओं का सम्मान करते हुए कमेटी घोषणा पत्र तैयार कर रही है। राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि घोषणा पत्र पर राय लेने के लिए 916 वीडियो वैन देशभर में तीन हजार दो विधानसभा क्षेत्रों में पहुंची और 37 हजार से अधिक गंभीर सुझाव लिए, पार्टी की मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से तीन लाख 77 हजार सुझाव प्राप्त हुए, नमो एप के माध्यम से एक लाख 67 हजार सुझाव प्राप्त हुए हैं।

कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट

# महाभारत की धरा को पसंद बाहरी योद्धा, 14 चुनाव में 12 जीते

*इस लोसकभा सीट पर करनाल से आए रघुबीर सिंह विर्क, हरपाल सिंह टुहाना, गुरदयाल सैनी करनाल, तारा सिंह करनाल, हिसार से ओमप्रकाश जिदंल सहित 12 उम्मीदवार बाहर से आए और जीते, केवल दो बार कुरुक्षेत्र के प्रतापगढ़ की कैलाशो सैनी ने चुनाव में जीत हासिल की*

तरुण वधवा ▸▸ कुरुक्षेत्र

सियासत

कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट के लिए इंडिया गठबंधन, इनेलो व भाजपा ने उम्मीदवारों के मैदान में आने से कुरुक्षेत्र का चुनावी रण तैयार हो गया है। चुनावी रण में इंडिया गठबंधन की ओर से डा. सुशील गुप्ता, इनेलो की ओर से अभय चौटाला व भाजपा की ओर से नवीन जिंदल ने ताल ठोकी है। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट की खास बात यह है कि इस सीट पर अब तक हुए 14 बार लोकसभा चुनावों में 12 बार बाहरी प्रत्याशी ने ही जीत हासिल की है।

### दे बार कुरुक्षेत्र की कैलाशो सैनी ही जीती

*1957 में मूल चंद जैन, 1962 में देवदत्त पुरी और उनके बाद 1967 व 1971 के कैथल लोकसभा सीट के नाम से हुए चुनावो में पूर्व गृह मंत्री गुलजारी लाल नंदा ने जीत हासिल की, जो बाहरी प्रत्याशी थे। इसके बाद इसे कुरुक्षेत्र लोकसभा का नाम दे दिया गया। 1977 के चुनावो में करनाल से आए रघुबीर सिंह विर्क ने जीत हासिल की। 1980 के चुनावों में मनोहर लाल सैनी, 1984 के चुनाव में हरपाल सिंह टुहाना ने जीत हासिल की। 1989 में गुरदयाल सैनी जिनका गांव करनाल में था, तथा 1991 में तारा सिंह ने करनाल से आकर जीत हासिल की। 1996 में हिसार से आकर ओमप्रकाश जिदंल ने चुनाव लड़ा व जीत गए। 2004 व 2009 के चुनाव में हिसार से आकर उनके बेटे नवीन जिंदल ने चुनाव लड़कर जीत हासिल की। 2014 में राजकुमार सैनी व 2019 में नायब सैनी दोनों ने नारायणगढ़ से आकर जीत हासिल की। ये सभी उम्मीदवार बाहरी थे। केवल दो बार 1998 व 1999 में कुरुक्षेत्र के प्रतापगढ़ की कैलाशो सैनी ने चुनाव में जीत हासिल की।*

### 17 लाख 77 हजार 526 वोटर

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की 9 विधानसभा क्षेत्रों में 17 लाख 77 हजार 526 मतदाता है। कुरुक्षेत्र जिले में 7 लाख 58 हजार 505 मतदाता, कैथल जिले से 8 लाख 12 हजार 336 और राद्यैर हल्का से 2 लाख 6 हजार 685 मतदाता है। लाडवा विधानसभा क्षेत्र में 193351 मतदाताओं में 93086 महिला और 2 वोट थर्ड जेंडर के है, शाहबाद विधानसभा क्षेत्र में 169852 मतदाताओं में 80841 महिला और 2 थर्ड जेंडर मतदाता है।

भाजपा को छोड़कर किसी बड़े दल ने नहीं की प्रत्याशियों की घोषणा

# अभी ठंडा है हिसार, नहीं चढ़ पा रहा सीट का सियासी पारा

शमशेर सैनी ▸▸ हिसार

प्रदेश की हॉट सीट मानी जाने वाली हिसार लोकसभा क्षेत्र में सियासी पारा अभी नहीं चढ़ रहा है। इसकी बड़ी वजह भाजपा को छोड़कर किसी अन्य राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा न करना है। भाजपा ने पूर्व उपप्रधानमंत्री रहे चौधरी देवीलाल के बेटे एवं रानियां से विधायक रणजीत सिंह चौटाला को हिसार से अपना प्रत्याशी बनाया है।

लोकसभा चुनावों की घोषणा होने के बावजूद कांग्रेस, इनेलो तथा जेजेपी में अभी प्रत्याशियों के नामों पर लगातार बैठकों का दौर चल रहा है, लेकिन किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रही हैं।

### चुनाव कार्यालय भी खुल गया

दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हो चुका है और उनके समर्थन में सीएम नायब सैनी तथा पूर्व सीएम मनोहर लाल रैलियों भी कर चुके हैं। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी से पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल के बेटे एवं पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन का नाम चर्चा में हैं। राजनीति के जानकारों का मानना है कि कुलदीप बिश्नोई को भाजपा द्वारा हिसार लोकसभा सीट प्रत्याशी नहीं बनाए जाने से वे नाराज चल रहे हैं। ऐसे में उनकी नाराजगी का फायदा चंद्रमोहन को कांग्रेस हिसार से अपना प्रत्याशी बनाकर उठाया जा सकती है। चंद्रमोहन के अलावा भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए सांसद बृजेंद्र सिंह तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश उर्फ जेपी टिकट के प्रबल दावेदार है।

### इंतजार कर रही जनता, कौन होगा आमने-सामने

*भाजपा ने प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला को मैदान में उतार दिया है। कांग्रेस पार्टी से चंद्रमोहन का नाम चर्चा में हैं। चंद्रमोहन के अलावा सांसद बृजेंद्र सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश उर्फ जेपी टिकट के प्रबल दावेदार हैं। वहीं जेजेपी से नैना चौटाला का नाम सबसे ऊपर चल रहा है। एक बात ये भी है कि जेजेपी प्रत्याशी घोषित करने के लिए नवरात्र का इंतजार कर रही है। इनेलो की सुनैना चौटाला को हिसार से प्रत्याशी बनाने की चर्चा है।*


रणजीत चौटाला


बृजेंद्र सिंह


चंद्रमोहन


नैना चौटाला


सुनैना चौटाला

### जेजेपी को नवरात्र का इंतजार

जेजेपी की तरफ से पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के परिवार के ही सदस्य को हिसार लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा है। इसमें बाढ़डा से विधायक नैना चौटाला का नाम सबसे ऊपर चल रहा है। भविष्य के गर्भ में है कि पार्टी हिसार सीट पर किसे अपना प्रत्याशी बनाएगी। उधर, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला का कहना है कि नवरात्र में पार्टी प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी।

### इनेलो आज मुहर लगा सकती है

इनेलो की तरफ से सुनैना चौटाला को हिसार से प्रत्याशी बनाने की चर्चा है। बुधवार को इनेलो पार्टी की जिलास्तरीय बैठक होगी। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा भी बैठक में पहुंचेंगे। उम्मीद की जा रही है कि बैठक में पार्टी प्रत्याशी के नाम पर अंतिम निर्णय हो जाए। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हिसार लोकसभा सीट पर सियासी पारा चढ़ने का अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

गुरुग्राम लोकसभा सीट

# नूंह की तीनों सीटों पर रहेगा राव का फोकस खाता खोलने पर जोर


राव इंद्रजीत सिंह


कैप्टन अजय यादव


आफताब अहमद

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ रेवाड़ी

गुरुग्राम लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह का ज्यादा फोकस नूंह जिले के तीन विधानसभा हलकों पर पर रहेगा, जहां पिछले लोकसभा चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। राव ने गत लोकसभा चुनावों के बाद से ही नूंह में मजबूत पकड़ बनाने की दिशा में प्रयास किए हैं। उन्हें इन प्रयासों में काफी हद तक सफलता उस समय मिलती नजर आई, जब उनके बुलावे पर 16 फरवरी को पीएम मोदी के माजरा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मेवात के लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। गत लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के साथ सीधे मुकाबले में 60.94 फीसदी मतों के साथ राव इंद्रजीत सिंह मतों के 3 लाख से ज्यादा अंतर से जीत दर्ज की थी। इस बड़ी जीत के बावजूद राव नूंह, पुन्हाना और फिरोजपुर झिरका तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अजय सिंह यादव से हार गए थे। राव की जीत में अहीर बाहुल्य क्षेत्रों के मतदाताओं का बड़ा रोल रहा था। मेवात क्षेत्र कांग्रेस का पुराना गढ़ रहा है। मुस्लिम मतदाताओं की भाजपा से दूरी के कारण ही राव को तीनों हलकों में नुकसान उठाना पड़ा था। अगर इन तीन हलकों में से किसी एक में भी जीत हासिल होती, तो राव का वोट प्रतिशत और जीत का अंतर काफी बढ़ सकते थे। राव ने इन तीनों हलकों में हार के बावजूद वहां के लोगों से दूरी बनाने की बजाय संपर्क बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयास किए। गर इस क्षेत्र में राव जीत का खाता खोलने में सफल होते हैं, तो इस बार परिणाम पहले से बेहतर देखने को मिल सकता है।

### कल से जनसभा

**इस जनसभा में राव के समर्थकों की संख्या ज्यादा रहने की संभावना**

कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा नहीं होने के कारण राव इंद्रजीत सिंह ने अभी तक प्रचार अभियान तेज नहीं किया है। मेवात क्षेत्र में मजबूत पकड़ बनाने के लिए वह चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत 4 अप्रैल को मेवात क्षेत्र से ही बड़ी जनसभा के साथ करने जा रहे हैं। इस जनसभा में राव के खास समर्थकों की संख्या ज्यादा रहने की संभावना है। भाजपा के दिग्गज नेता इसमें शायद ही नजर आएं।

### कांग्रेस पर निगाहें

**कैप्टन अजय यादव को दूसरी बार मैदान उतारा जा सकता है**

इंडिया गठबंधन की रैली ने कांग्रेस के लिए कुछ हद तक डोज का काम किया है। गुरुग्राम लोकसभा के लोगों की निगाहें कांग्रेस प्रत्याशी के चयन पर टिकी हुई हैं। ज्यादा संभावना कैप्टन अजय सिंह यादव को दूसरी बार चुनाव लड़ाने की है। कैप्टन ही भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में नजर आ रहे हैं। पार्टी नॉन अहीर या मुस्लिम कंडीडेट को भी उतारने पर विचार कर सकती है।

# नामों का ऐलान दो तीन दिन में करेगी कांग्रेस

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस की ओर से जल्द लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दी जाएंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान सिंह और हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी ने लोकसभा की टिकट आने वाले दो तीन दिनों में घोषित कर दी जाएगी। इस क्रम में मंगलवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी।

हरियाणा में सभी नौ सीटों को लेकर दिल्ली में आयोजित बैठक में सभी 9 सीटों पर चर्चा की गई।

प्रभारी दीपक बाबरिया का कहना है कि कमेटी की ओर से सभी नाम को फाइनल कर लिया है। स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से सूची कांग्रेस चुनाव समिति को सौंपेंगे। चार तारीख को कांग्रेस चुनाव समिति की होगी बैठक होगी। बैठक के बाद हरियाणा कांग्रेस के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होगी।

### 9 सीटों पर फाइनल हो सकते हैं नाम

सोनीपत से बाबा सतपाल ब्रह्मचारी, इसी तरह से हाट सीट रोहतक पर एक बार फिर से दीपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम सबसे ऊपर है। सिरसा सीट पर शीशपाल केहरवाला के नाम पर विचार चल रहा है। भिवानी में श्रुति चौधरी का नाम ऊपर है। इसी तरह से लोकसभा के मैदान में उतारने के लिए कैप्टन अजय यादव और बिजेंद्र राठौर करनाल सीट को लेकर भी विचार मंथन हो रहा है। चार और पांच अप्रैल को 9 सीटों पर नाम फाइनल कर दिए जाएंगे। कांग्रेस दो बार में नामों का एलान कर सकती है।

### प्रमुख चेहरों पर मंथन

दिग्गजों को कांग्रेस लोकसभा के चुनाव मैदान में उतारने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और प्रभारी ने कहा कि जो भी नाम आएंगे, सभी जिताने वाले उम्मीदवार होंगे। इसमें सबसे पहला नाम हिसार सीट से चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे और हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए बृजेंद्र सिंह का नाम चल रहा है। इसके अलावा सिरसा और अंबाला सुरक्षित सीट पर सबसे ऊपर सैलजा का नाम चल रहा है।

## मतदाताओं की मदद के लिए टोल फ्री नंबर 1950 जारी

**झज्जर।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया गया है। कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर चुनाव से संबंधित सुझाव व शिकायत कर सकता है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति पर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करें।

# कांग्रेस में शामिल हुई आप की शीतल मान

हरिभूमि न्यूज़. बहादुरगढ़



आम आदमी पार्टी की महिला प्रदेश उपाध्यक्ष शीतल मान ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए कांग्रेस में घर वापसी की। कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का दामन थामने से पहले उन्होंने आप के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता को अपना त्यागपत्र भेजा। इसके बाद दिल्ली में कुमारी सैलजा से मुलाकात कर उनकी अगुवाई में जनहित के मुद्दों को लेकर आगे की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। कुमारी सैलजा ने शीतल मान को कांग्रेस में पूरा मान सम्मान देने का आश्वासन दिया। बता दें कि शीतल मान 2004 से 2008 तक युवा कांग्रेस और 2018 से 2021 तक प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव रह चुकी हैं। कुछ समय पहले उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी और आम आदमी पार्टी में शामिल हो गई थी।

रोहतक लोकसभा | रिकॉर्ड मत मिलने के बावजूद रहा जीत का अंतर कम

*डा. अरविंद शर्मा ने प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद कोसली हलके पर डोरे डालना शुरू किया*

# भाजपा के पक्ष में बढ़ा था डेढ़ गुणा वोट प्रतिशत इस बार प्रदर्शन दोहराना अरविंद के लिए चुनौती

नरेंद्र वत्स ▸▸ रेवाड़ी

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों के मुकाबले पिछले चुनाव में भाजपा को मिलने वाले वोट प्रतिशत में 16.46 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। भाजपा को इस सीट पर 46.86 फीसदी वोट मिले थे। इसके बावजूद पार्टी प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा की जीत का अंतर महज 0.46 फीसदी तक सिमट गया था। इस सीट पर एक बार फिर मुकाबला कांटे का रहने की संभावना है। सीट बचाने के लिए भाजपा को यहां जमकर पसीना बहाना पड़ेगा, वहीं कांग्रेस को खोई सीट हासिल करने के लिए ऐडी-चोटी का जोर लगाना पड़ेगा। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनावों से पहले हुए परिसीमन ने रोहतक लोकसभा सीट पर दिग्गजों के समीकरण बिगाड़ने का काम कर दिया। जाट बाहुल्य सीट पर एक अहीर बाहुल्य हलके के प्रवेश ने बडे.परिवर्तन का काम किया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के लिए घाटे का सौदा साबित हुआ कोसली









नए बने कोसली हलके का रोहतक लोकसभा क्षेत्र में शामिल होना पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के लिए बड़े घाटे का सौदा साबित हुआ है। जिस समय कोसली को रोहतक लोकसभा क्षेत्र में शामिल किया गया था, उस समय अहीरवाल के दिग्गज नेताओं ने इसका खुलकर विरोध भी किया था। आज यही विधानसभा क्षेत्र पूरे लोकसभा क्षेत्र के चुनाव परिणाम को बदलने की भूमिका में देखा जा रहा है। परिसीमन के बाद पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा को कोसली हलके का पूरा साथ मिला था। दीपेंद्र इनेलो के नफेसिंह राठी को हराकर सांसद बने थे। उन्हें इस चुनाव में 45.88 फीसदी मत मिले थे।

**2014 में दीपेंद्र को लग चुका झटका**

वर्ष 2014 में मोदी लहर में दीपेंद्र को कोसली में झटका लगा, लेकिन दूसरे हलकों में अच्छी बढ़त के चलते वह भाजपा के ओपी धनखड़ को हराने में कामयाब हो गए। दीपेंद्र का मत प्रतिशत गिरकर 31.26 पर आ गया था। इनेलो ने इस सीट पर 9.64 फीसदी वोट हासिल किए थे। गत लोकसभा चुनावों में कांग्रेस और भाजपा के बीच आर-पार की जंग में लगभग 47 फीसदी मतों के साथ डा. अरविंद शर्मा ने दीपेंद्र को हराकर कांग्रेस के समीकरण बिगाड़ दिए थे। इस बार अरविंद शर्मा के लिए प्रदर्शन दोहराने की चुनौती पहले से ज्यादा बड़ी है।

### इनेलो-जेजेपी बदल सकते हैं समीकरण

जेजेपी के अलग होने से पहले जाटलैंड में इनेलो का अच्छा दबदबा रहा है। कोसली हलके के जाट बाहुल्य गांवों में अभी भी जेजेपी और इनेलो के समर्थकों की संख्या कम नहीं है। 2014 में इनेलो 9.64 फीसदी मतों से तीसरे स्थान पर रही,, 2009 में कांग्रेस को सीधी टक्कर दे चुकी है। दलित वोट पर बीएसपी का प्रभाव है। इनेलो-जेजेपी जाट बाहुल्य क्षेत्रों में प्रदर्शन में सुधार लाने में सफल रहती हैं, तो इसका फायदा भाजपा को मिल सकता है।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा


खुली निविदा संख्या 01/अम्बाला/2024–25 दिनांक 02.04.2024

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एनएचएआई के चार लेन संरेखण में आने वाले ध्वस्त किए जाने वाले क्वार्टरों के बदले में कंडाघाट रेलवे स्टेशन के पास गांव डोलग में 8 यूनिट स्टाफ क्वार्टर (टाइप–।। और ।।।) रेलवे आवासीय भवनों का निर्माण। | 1,95,16,826 | 2,47,600 | 08 महीने | 26.04.2024 |
| 2 | सीनियर डीईएन–।।/अंबाला के अनुभाग में आरपीजे–बीटीआई के दोहरीकरण के दौरान आरवीएनएल द्वारा निर्मित स्टाफ क्वार्टर का बचा हुआ काम। | 1,09,63,475 | 2,04,800 | 04 महीने | 26.04.2024 |
| 3 | कालका–शिमला (छोटी लाइन)–सी.टी.आर(एस) 22.792 कि.मी. (6.325 से 10.5, 10.62 से 14.65, 16.903 से 18, 21.21 से 25.25, 49.5 से 54.69, 55.24 से 59.5 तक) मौजूदा 60R रेलों 1310 सं./कि.मी. घनत्व ST sleeper पर FP Laid के साथ 75R (SH) रेलों का 1340 सं./कि.मी. ST (परिवर्तित) Sleeper पर FP के साथ 10 सेमी. के मौजूदा मानक से गहरी स्क्रीनिंग और गिट्टी कुशन को 20 से.मी. तक बढ़ाने सहित पारंपरिक बन्धन से सम्बधित कार्य। | 5,77,88,524 | 4,39,000 | 24 महीने | 26.04.2024 |
| 4 | सहायक मंडल अभियंता/शिमला के अधीन कालका–शिमला सेक्शन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शिमला रेलवे स्टेशन का सॉफ्ट अपग्रेडेशन/सुधार। | 7,63,88,255 | 5,32,000 | 08 महीने | 26.04.2024 |
| 5 | सहायक मंडल अभियंता/अंबाला के तहत एसएसई/डब्ल्यू/ई/यूएमबी के अनुभाग में पुरानी रेलवे कॉलोनी अंबाला कैंट में मंडल रेलवे अस्पताल का सुधार। | 1,17,43,275 | 2,08,700 | 06 महीने | 26.04.2024 |
| 6 | टीआरटी के संबंध में कार्य (।) यूएमबी–केएलके सेक्शन पर किमी 220.402 से 223.58 तक 3.178 किमी सीटीआर (।।) यूएमबी–केएलके सेक्शन पर 197.815 से 241.247 किमी के बीच 15.116 का सीटीआर। | 2,12,69,987 | 2,56,400 | 06 महीने | 26.04.2024 |
| 7 | सीनियर डिविजनल इंजीनियर/।/यूएमबी के अनुभाग में बीसीएम के साथ Deep Screening : 1.) अंबाला कैंट जंक्शन–चंडीगढ़ (UP)– सीटीआर (पी)–3.178 Tkm 2.) अंबाला कैंट जंक्शन–कालका (UP)–सीटीआर (पी)–15.116 TKm डी मार्क रेल के प्रतिस्थापन के लिए। 3.) अंबाला कैंट – कालका (UP)–सीटीआर (पी)–8.647 Tkm 4.) अंबाला–कालका (UP)–सीटीआर (पी)–5.534 Tkm 5.) सहारनपुर–अंबाला (DN)–सीटीआर (पी)–6.699 TKm | 1,18,83,544 | 2,09,400 | 08 महीने | 26.04.2024 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोगऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–।।।) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 965/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## खबर संक्षेप

### एसीबी की टीम ने दो को किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो गुरुग्राम मंडल की टीम ने भ्रष्टाचार में संलिप्त आरोपी राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा 9 दिसंबर 2023 को भ्रष्टाचार संबंधी मामले में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आरोपी को 1 अप्रैल 2024 को गिरफ्तार किया। अन्य मामले में गुरुग्राम मंडल की एसीबी टीम ने जीएसटी निरीक्षक जितेंद्र को रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### मंडियों में धरना प्रदर्शन किया जाएगाः बजरंग

**चंडीगढ़।** प्रदेश व्यापार मंडल हरियाणा के प्रांतीय अध्यक्ष और हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चैयरमेन बजरंग गर्ग ने अपने मंडियों के दौरे के दौरान आढ़ती व किसानों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि सरकार की तरफ से मंडियों में गेहूं खरीद के लिए कोई व्यवस्था नहीं है जबकि 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू कर दी गई है। मंडियों में सड़के टूटी है, किसान भवन में किसानों के ठहरने की व्यवस्था है।

### चौधरी देवीलाल विवि का स्थापना दिवस समारोह

**चंडीगढ़।** 'विद्यार्थियों को अपने समय का सदुपयोग एवं दिशा निर्धारित कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। विद्यार्थी जीवन में की गई तपस्या जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में काम आती है। ये विचार नई दिल्ली स्थित जेवियर लेबर रिलेशंस इंस्टीट्यूट के चीफ ऑफ स्ट्रेटजी एंड एचआर सरदार हरभजन सिंह ने चौधरी देवीलाल विवि सिरसा के 22वां स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

### विद्यार्थी स्कूल से मिले टैबलेट वापस लौटाएं

**फरीदाबाद।** हरियाणा में बेहतर शिक्षा के लिए 10वीं और 12वीं कक्षा के वद्यिार्थियों को टैबलेट दिए गए। जिनमें से अधिकतर टैबलेट वापस ले लिए गए हैं। यदि किसी बच्चे के पास टैबलेट रह गया है तो उससे टैबलेट वापस लिया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया का कहना है कि जिले में लगभग 33 हजार बच्चों को टैबलेट वितरित किए गए।

---

### करनाल में विपक्ष को घेरने के लिए सीएम नायब सैनी ने बनाई खास रणनीति

# विपक्ष के छलिया व गुमराह करने वाले एजेंडे को ध्वस्त करेंगे कार्यकर्ताः सीएम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़/करनाल

लोकसभा चुनाव और करनाल विधानसभा के उपचुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने करनाल विधानसभा कोर कमेटी एवं यहां के चार मंडलों की बैठकों में शामिल होकर चुनावी रणनीति को धार दी। इन पांचों बैठकों में मुख्यमंत्री ने पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों और योजनाओं का फीडबैक लिया तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

लोस चुनाव और करनाल विधानसभा के उपचुनाव को जीतने की रणनीति पर पदाधिकारियों संग व्यापक स्तर पर चर्चा की। पहली बैठक विस कोर कमेटी की हुई। इसमें कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों को लेकर बातचीत की। कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने भी अब तक हुई चुनाव की तैयारियों के संबंध में नायब सिंह सैनी को बताया।करनाल विधानसभा कोर कमेटी और अर्बन मंडल, कर्ण मंडल, शहरी मंडल और राम नगर मंडल में प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कार्यकर्ताओं को विपक्ष के जनता को छलने वाले और गुमराह करने वाले एजेंडों से आगाह करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियां वोटों के लिए राष्ट्रीय हितों से समझौता करने की किसी भी हद तक जा सकती है। भाजपा कार्यकर्ताओं को विपक्ष के मंसूबों को सफल नहीं होने देना है।

- करनाल विधानसभा कोर कमेटी और चार मंडलों की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश



- विरोधियों के प्रपंचों का मुंह तोड़ जवाब है मोदी सरकार के विकास कार्य
- प्रधानमंत्री मोदी ने वंशवाद को धराशायी कर विकास की नई पटकथा लिखी

**करनाल।** पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

### पूर्व सीएम हुड्डा और केजरीवाल पर भी हमला

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की जनता जानती है कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में किस तरह से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। भाजपा के कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर कांग्रेस व घमंडियां गठबंधन के इन्हीं भ्रष्टाचारों को बताना है। सैनी ने कहा कि मोदी सरकार और डबल इंजन सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर बताएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम जारी रखें। सीएम सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा के प्रत्याशी मनोहरलाल को ऐतिहासिक मार्जिन से जीतने के साथ-साथ उपचुनाव की जीत को भी प्रचंड एवं एतिहासिक बनाना है। उधर करनाल में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने करनाल में घमंडिया गठबंधन के नेताओं के भ्रष्टाचार पर तीखा हमला बोला है। मंगलवार को संगठनात्मक बैठकों में शामिल होने से पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल पार्टियों के कई नेताओं पर भ्रष्टाचार के दाग लगे हुए हैं, जो जनता को साफ-साफ दिखाई दे रहे हैं। दिल्ली रामलीला मैदान में इन भ्रष्ट नेताओं ने इस तरह का दृश्य पेश किया है जैसे कि ये भ्रष्टाचार में गोल्ड मैडल लेकर आए हैं। संगठनात्मक बैठने लेने से पहले मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जमकर विपक्ष पर हमला बोला। यहां उन्होंने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल की कथनी और करनी अलग-अलग है। केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं, लेकिन अभी पद का मोह नहीं छूट रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा हार के डर से चुनाव लडने से भाग रहे हैं।

### उज्जवला ने महिलाओं की जीवन शैली बदली

उज्जवला योजना और हर घर में नल से जल आने पर महिलाओं की जीवन शैली बदली है। घर बैठे मिल रही सुविधाओं से प्रदेश के लोग नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुके हैं। सीएम ने बैठक में दावा करते हुए कहा कि भाजपा दस की दस सीटें और करनाल विधानसभा का उपचुनाव जनता के आशीर्वाद और प्रचंड समर्थन से जीत रही है।

### चुनाव को लेकर हुई बैठक में ये रहे मौजूद

बैठकों के दौरान प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा, कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार, कुलदीप शर्मा, पूर्व मेयर रेणू बाला गुप्ता, संजय बठला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक सुखीजा, कृष्ण गर्ग, एडवोकेट विरेंद्र ठाकुर, मेहर सिंह कलामपुरा, जगमोहन आनंद, विधानसभा प्रभारी अमरनाथ सौदा, विधानसभा विस्तारक रवि राणा, कुलदीप शर्मा के अलावा मंडलों की बैठक में मंडल अध्यक्ष अमर टक्कर, बिशन सिंह शेखावत, साहिल मदान, सुनील गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

---



**चंडीगढ़।** सिविल सचिवालय में मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की काम के बारे में विस्तार से जानकारी ली। *फोटो : हरिभूमि*

## कर्मचारियों की कार्यप्रणाली एवं दक्षता में किया जाएगा सुधारः मुख्य सचिव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

- कार्यालयों में स्वच्छता बनाए रखने के दिए निर्देश
- कर्मियों से कार्यप्रणाली में सुधार करने के मांगे सुझाव

प्रदेश के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि कर्मचारियों की कार्यप्रणाली एवं दक्षता में सुधार किया जाएगा ताकि सरकारी कार्य तत्परता के साथ पूरे किया जा सके। उन्होंने कार्यालयों में पूर्ण रूप से सफाई व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव हरियाणा सिविल सचिवालय में औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की वर्किंग बारे जानकारी ले रहे थे।

कर्मचारी कार्यालयों में पूर्ण रूप से स्वच्छता बनाए रखें। यदि उन्हें किसी प्रकार के इन्फ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता है तो उस बारे तुरंत अपने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाएं ताकि उसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। मुख्य सचिव ने सचिवालय में कर्मचारियों की कार्य प्रणाली के बारे में गहनता से जाना और इसमें सुधार करने के लिए अपने सुझाव दिए। कर्मचारी कार्यालय में समय पर आए और कार्य में लापरवाही न बरतें तथा काम को जिम्मेदारी और दायित्व के साथ निभाएं। यदि कर्मचारी कार्य में कोताही बरतेंगे तो उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों से कार्यप्रणाली में सुधार करने के लिए सुझाव भी मांगे।

### यहां भी किया दौरा

मुख्य सचिव ने राजनैतिक एवं संसदीय कार्य शाखा, कैबिनेट शाखा, मानव संसाधन शाखा, सेवाएं शाखा, प्रशिक्षण शाखा, मुख्यमंत्री सचिवालय शाखा सहित अन्य शाखाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विशेष सचिव पर्सनल प्रभजोत सिंह, विशेष सचिव मानव संसाधन आदित्य दहिया, संयुक्त सचिव गृह राधिका सिंह, डीएसीएस अनिल भारद्वाज सहित कई अधिकारी साथ रहे।

---

### भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ का विस्तार

## प्रदेश पदाधिकारियों व जिला संयोजकों को जिम्मेदारी दी



हुकमचन्द

**चंडीगढ़।** भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक हुकमचन्द यादव ने मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष नायाब सिंह सैनी, प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बुडोली, डा. अर्चना गुप्ता, सुरेन्द्र पुनिया, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डा. पवन सैनी से विचार विमर्श करके पंचातीराज प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए प्रदेश पदाधिकारियों व जिला संयोजकों की नियुक्ति की है। हुकमचन्द यादव ने बताया कि विनोद सैनी जींद, सुन्दरलाल गुरूग्राम, परमवीर सैनी सोनीपत, हरेन्द्र पाल राणा पलवल, राजेन्द्र ढांडा हिसार, जसबीर सिंह गुर्जर कैथल को प्रदेश सह-संयोजक, डा0 सुभाष व विरेंद्र छिल्लर रेवाड़ी, सरदारी लाल शर्मा सिरसा, जयचन्द कश्यप यमुनानगर, शिव कुमार सैनी कुरुक्षेत्र, श्रवण देव बन कैथल, भारत भडाना फरीदाबाद, देशराज पोसवाल पंचकूला, कृष्ण देव करनाल, दिनेश शर्मा दादरी, विजयपाल गुरुग्राम, अमीर खान नूंह को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, रमेश लालावास भिवानी को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

### रसायन मुक्त भोजन उपलब्ध कराना प्राथमिकता : काम्बोज

**चंडीगढ़।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि भावी पीढ़ियों को रसायन मुक्त व पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाना वैज्ञानिकों व किसानों की मुख्य प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने कहा कि किसान शुरूआत में कम जगह पर प्राकृतिक खेती को अपनाए और धीरे-धीरे उसका क्षेत्रफल बढ़ाते जाएं। उन्होंने वैज्ञानिकों से आह्वान किया वे आधुनिक युग में आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जब भी शोध करें तो विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों, पानी की उपलब्धता तथा गुणवत्ता, श्रमिकों की उपलब्धता, वर्षा, जमीन का आर्गेनिक कार्बन, खरपतवार, पूरे साल का फसल चक्र, कीट तथा बीमारियों के प्रबंधन संबंधित बातों पर मंथन जरूर करें।

- हकृवि में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक-किसान विचार विमर्श संगोष्ठी

### ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी पर 10 हजार रुपये तक का जुर्माना

**पंचकूला।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के मार्गदर्शन में पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के नेतृत्व में पुलिस उपायुक्त क्राइम मुकेश मल्होत्रा के निर्देशानुसार जिला में ब्लैक फिल्म कार चालको के खिलाफ सख्त कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया गया है जिस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस की ब्लैक फिल्म वाहनों पर कडा शिकंजा कसा जायेगा । पुलिस उपायुक्त मुकेश मलहोत्रा नें बताया कि राज्य भर में 1 अप्रैल से लेकर 7 अप्रैल तक ब्लैक फिल्म लगी गाडियों के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया गया है जिस अभियान के जिला में 20 विशेष नाके लगाए गए है जिन नाकों के द्वारा ब्लैक फिल्म लगाकर वाहनो पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत वाहनों सख्त कार्रवाई की जा रही है।

- पंचकूला पुलिस ने ब्लैक फिल्म वाहनों पर कड़ी कार्रवाई हेतु चलाया विशेष अभियान

### लाइसेंसी शस्त्र जमा न कराने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**पंचकूला।** पुलिस उपायुक्त पंचकूला हिमाद्री कौशिक नें लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर लागू आदर्श आचार सहिंता की पालना में आप सभी शस्त्र लाईसेंस धारको से अपील की जाती है कि सभी लाइसेंसी हथियार धारक अपने -अपनें शस्त्र/शस्त्रो को तुरन्त प्रभाव से सबंधित पुलिस थाना में जाम करवाएं । पुलिस उपायुक्त ने बताया कि सभी शस्त्र धारक अगले 3 दिनो में अपनें अपनें शस्त्रों को अपनें सबंधित थाना में शस्त्र जमा करवाएं अन्यथा आपके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी । इसके अलावा पुलिस उपायुक्त नें बताया कि चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई भी शस्त्र नहीं होना चाहिए । जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

- पुलिस उपायुक्त हिमाद्री कौशिक की आदर्श आचार सहिंता का पालन करने की अपील

---

### वर्तमान और पूर्व आईएएस अफसरों पर भी शिकंजा करने की तैयारी

*रसूखदारों पर कार्रवाई को लेकर मंथन*

### पंचकूला में रजिस्ट्री से पहले रोक लगाए जाने का मामला

## कीमती जमीन को लेकर खेल करने वालों के विरुद्ध दर्ज हो सकता है केस

#### पृथ्वीराज सहित कई लोगों ने जमीन की खरीद की थी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

पंचकूला में बेश कीमती सरप्लस जमीन के नाम पर खेल करने और अधिकारियों पर दबाव बनाकर रजिस्ट्री कराने का मामला कुछ लोगों के गले की फांस बन सकता है। पूरे मामले में शामिल पूर्व आईएएस और वर्तमान अफसरों व उनके परिजनों पर केस दर्ज हो सकता है। इस बारे में शिकायत भी पंचूकला के पुलिस अफसरों को दी गई है।

पंचकूला की बेशकीमती जमीन के नाम पर योजना बनाकर खेल करने वालों के विरुद्ध शिकायत अंबाला के रहने वाले शिकायतकर्ता ने देते हुए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव हरियाणा सरकार, अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व, डीजीपी के साथ साथ में एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रमुख को भी शिकायत भेजी गई है। खास बात यह है कि पूरे मामले में मंडल पर तैनात एक महिला अफसर, उनके पति जो बतौर सूचना आय़ुक्त तैनात किए गए हैं। इतना ही नहीं उनके बेटे पर भी कार्रवाई की मांग की गई है। आरोप है कि पद का दुरुपयोग करते हुए इन रसूखदार लोगों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर कदम उठाए गए।

बता दें कि सरकार और मुख्य सचिव के पास मामला जाने के बाद में रजिस्ट्री पर रोक लगाई गई थी। बेशकीमती जमीन को लेकर गोलमाल की शुरुआत जमीन खरीद से हुई। उच्चपदस्थ सूत्र बताते हैं कि पृथ्वीराज सहित कई लोगों ने जमीन की खरीद की थी। इसमें पूर्व आईएएस अधिकारी गुलाटी और उनके पति शामिल थे। पूर्व आईएएस. दंपति ने दो दशक पहले उक्त जमीन की रजिस्ट्री करा ली, लेकिन उसका इंतकाल नहीं हो पाया था। इंतकाल को लेकर लंबे समय से कवायद चल रही थी। सूत्रों का कहना है कि पृथ्वीराज सहित अन्य की अपील पर गत वर्ष अंबाला मंडल आयुक्त की कोर्ट ने इंतकाल करने के आदेश दिए। इंतकाल दर्ज होने के बाद फिर उक्त लोगों ने जमीन बेचने की योजना बनाई। इसमें पंचकूला सेक्टर 6 निवासी सतबीर सिंह से उनका बयाना हो गया और रजिस्ट्री का समय निर्धारित हो गया। सूत्र बताते हैं कि रजिस्ट्री से पहले पंचकूला के तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने रजिस्ट्री करने से मामले की गंभीरता को देखते हुए इनकार कर दिया, पंचकूला में तैनात इन अफसरों पर काफी दबाव बनाया गया और खरी खोटी भी सुनाई गई। साथ ही इसकी जानकारी उपायुक्त सुशील सारवान को दी गई। डीसी पंचूकला ने मामले में एफसीआर. को पत्र लिखकर रजिस्ट्री को लेकर दिशा-निर्देश मांगा, जिसमें 29 मार्च को एफसीआर. ने रजिस्ट्री नहीं करने का सख्त निर्देश जारी किया। अफसरों ने मंडल आयुक्त कोर्ट के फैसले पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उनका कहना है कि जब जमीन सरप्लस यानी सरकारी खाते में है, तो उस जमीन का मालिक निजी व्यक्ति कैसे हो सकता है? कुल मिलाकर रसूखदार लोगों के इरादों पर पानी फिर गया है फिलहाल सरकार ने इसकी रजिस्ट्री करने पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी है।

---

## मां ने दो बच्चों के साथ खाया जहर, मौत

### रेवाड़ी की घटनाः पति के सुसाइड के बाद डिप्रेशन में थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सोमवार देर सायं राव तुलाराम विहार कॉलोनी में एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ जहर खा लिया। मां-बेटी की एक प्राइवेट अस्पताल में मौत हो गई, जबकि बेटे ने गुरूग्राम के प्राइवेट अस्पताल में दम तोड़ दिया।

मृतका के पति ने करीब 2 माह पूर्व ही फांसी लगाकर जान दे दी थी। उसके बाद से ही महिला व दोनों बच्चे डिप्रेशन के शिकार थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

शाम को कॉलोनी में रहने वाली वृद्धा कृष्णा देवी घर का सामान लेने के लिए बाजार गई थी। जब वह घर लौटी तो उसकी पुत्रवधु करीब 40 वर्षीय अनिल देवी, पोती 18 वर्षीय स्वीटी व पोता 12 वर्षीय रिषभ उल्टियां कर रहे थे। स्वीटी ने अपनी दादी को बताया कि तीनों ने सल्फास की गोलियां खा ली हैं। कृष्णा देवी ने पड़ोस के लोगों की मदद से तीनों को एक प्राइवेट अस्पताल में अस्पताल में पहुंचाया। अनिल देवी और उसकी बेटी ने शहर के ही अस्पताल में दम तोड़ दिया। रिषभ को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया था, लेकिन उसे गुरूग्राम के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

### रोहतक से आकर बसा था परिवार



अनिल देवी | स्वीटी | रिषभ

मृतका अनिल देवी का पति अमित मर्चेंट नेवी से रिटायर होने के बाद गुरूग्राम में एक कंपनी में नौकरी करता था। 6 जनवरी को उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पति की मौत के बाद अनिल देवी व उसके बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो गए थे। वह अक्सर अमित के पास जाने की बात कहते थे। अमित की मां कृष्णा देवी मूल रूप से रोहतक के मायना की रहने वाली है। स्वास्थ्य विभाग में नर्स थी। पति की पहले ही मौत हो चुकी थी। जिले में पोस्टिंग होने के बाद उसने तुलाराम विहार में मकान बना लिया था। बेटे को पढ़ा-लिखाकर मर्चेंट नेवी में भर्ती करा दिया था। पहले बेटे और बाद में परिवार के तीन सदस्यों से वृद्धा पर पहाड़ टूट चुका है। वृद्धा यह समझ नहीं पा रही कि उसके साथ ऐसा कैसे हो गया।

### 10 माह की बच्ची के साथ रेलगाड़ी के आगे कूदी मां

**जींद।** दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर बरसोला स्टेशन के पास महिला मंगलवार दोपहर को अपनी दस माह की बच्ची के साथ ट्रेन के आगे कूद गई। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल नरवाना के शव गृह में रखवाया। मृतका की पहचान बरसोला निवासी 24 वर्षीय नीतू और उमा के रूप में हुई है। मृतका दिमागी रूप से परेशानी थी। रेलवे थाना पुलिस ने दोनों शवों का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। राजकीय रेलवे पुलिस को मंगलवार दोपहर सूचना मिली कि बरसोला स्टेशन के पास महिला ने अपनी दस माह की बच्ची के साथ ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। रेलवे थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया।

- परिजनों ने मानसिक रूप से परेशान बताया

---

**आदेश** हरियाणा विधानसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी की

# हरियाणा विधानसभा की 13 समितियां गठित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने मंगलवार को वर्ष 2024-25 के लिए 13 समितियां गठित की हैं।विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है।

नियम समिति के ज्ञानचंद गुप्ता पदेन चेयरपर्सन, विधायक भूपेंद्र सिंह हुड्डा, दुष्यंत चौटाला, किरण चौधरी, गीता भुक्कल, अभय सिंह चौटाला, घनश्याम दास अरोड़ा तथा सुधीर कुमार सिंगला सदस्य होंगे।

### अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों की कमेटी



अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए गठित कमेटी के चेयरमैन श्री सत्यप्रकाश जरावता होंगे। इस कमेटी में अनूप धानक, लक्ष्मण नापा, राजेश नागर, रेनू बाला, शीशपाल सिंह, चिरंजीव राव, राम करण व धर्मपाल गोंदर सदस्य होंगे।

### सरकारी आश्वासनों के बारे में गठित समिति

सरकारी आश्वासनों के बारे गठित समिति के चेयरमैन आफताब अहमद होंगे। इस कमेटी में राजेंद्र सिंह जून, दूड़ाराम, सीताराम यादव, देवेंद्र सिंह बबली, अमरजीत ढांडा, बलबीर सिंह, सुभाष गांगोली और धर्मपाल गोंदर सदस्य होंगे।

### स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं संबंधी समिति

स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं संबंधी समिति के चेयरमैन श्री ओमप्रकाश यादव होंगे, जबकि घनश्याम सर्राफ, जगदीश नायर, बिशन लाल सैनी, राम कुमार गौतम, नीरज शर्मा, सुरेन्द्र पंवार, राम करण और राकेश दौलताबाद को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। **याचिका समितिः** याचिका समिति के चेयरमैन घनश्याम दास अरोड़ा होंगे, जबकि जगबीर सिंह मलिक, गीता भुक्कल, शकुन्तला खटक, लीला राम, ओम प्रकाश यादव, लक्ष्मण सिंह यादव, रामनिवास और सोमबीर सांगवान कमेटी के सदस्य होंगे।

### लोक उपक्रमों संबंधी समिति

अनिल विज को उपक्रमों संबंधित समिति का चेयरमैन व दूड़ा राम, भारत भूषण बतरा, प्रदीप चौधरी, डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा, सुधीर सिंगला सीता राम यादव, चिरंजीव राव व कुलदीप वत्स सदस्य होंगे।

**आवास समितिः** आवास समिति के विस उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा पदेन चेयरमैन, जबकि हरविंद्र कल्याण, आफताब अहमद, रामकुमार गौतम और रणधीर सिंह गोलन कमेटी के सदस्य होंगे।

**लोक लेखा समितिः** लोक लेखा समिति के विधायक वरुण चौधरी चेयरपर्सन, जबकि रामकुमार कश्यप, नरेंद्र गुप्ता, भव्य बिश्नोई, अमित सिहाग, सुरेंद्र पंवार, जोगीराम सिहाग, रामनिवास और रणधीर सिंह गोलन सदस्य होंगे।

**प्राक्कलन समिति :** प्राक्कलन समिति चेयरमैन कमलेश ढांडा, जबकि ईश्वर सिंह, राव दान सिंह, जयवीर सिंह, गोपाल कांडा, प्रमोद कुमार विज, राजेश नागर, मेवा सिंह और बलराज कुंडू सदस्य होंगे।

### अधीनस्थ विधान समिति

अधीनस्थ विधान समिति चेयरमैन लक्ष्मण सिंह यादव होंगे, जबकि कमेटी में जगबीर सिंह मलिक, अभय सिंह चौटाला, जयवीर सिंह, घनश्याम सर्राफ, संदीप सिंह, अमित सिहाग, इन्दुराज तथा हरियाणा के महाधिवक्ता सदस्य होंगे। वहीं जन स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली तथा लोक निर्माण भवन व सड़कों का चेयरमैन दीपक मंगला को बनाया गया है, जबकि मोहम्मद इलियास, विनोद भ्याणा, लीला राम, धर्म सिंह छौक्कर, डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा, प्रवीण डागर, मामन खान व शमशेर सिंह गोगी कमेटी के सदस्य होंगे। वहीं शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाएं समिति के चेयरमैन देवेन्द्र सिंह बबली होंगे, जबकि जगदीश नायर, नैना सिंह चौटाला, निर्मल रानी, लक्ष्मण नापा, रेनू बाला, शैली, शीशपाल सिंह व नयन पाल रावत कमेटी के सदस्य होंगे।

**विशेषाधिकार समितिः** संदीप सिंह को विशेषाधिकार समिति का चेयरमैन बनाया है, जबकि बिशन लाल सैनी, हरविंद्र कल्याण, विनोद भ्याणा, दीपक मंगला, सत्यप्रकाश जरावता, वरुण चौधरी, अमरजीत ढांडा, कुलदीप वत्स व सोमबीर सांगवान को समिति का सदस्य बनाया गया है।

---

## किसानों ने सात को देशभर में जिला स्तर पर बड़े जुलूस निकालने की दी चेतावनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

### पत्रकार सम्मेलन

- 9 अप्रैल को शम्भू बॉर्डर पर रेलवे ट्रैक जाम किए जाएंगे

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) एवं किसान मजदूर मोर्चा ने चंडीगढ़ के किसान भवन में 7 अप्रैल को प्रदर्शन की चेतावनी दी है। जिलेवार भी प्रदर्शन किए जाएंगे। पत्रकार सम्मेलन के दौरान किसान नेताओं ने सवालों के जवाब दिए और पुरानी मांगों को दोहराया। इस दौरान मुख्य तौर पर जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवन सिंह पंधेर, लखविंदर सिंह औलख, अमरजीत सिंह मोहड़ी, सुखजिंदर सिंह खोसा, बलदेव सिंह जीरा, अभिमन्यु कोहाड़, जसविंदर लोंगोवाल, सुखदेव सिंह भोजराज, मंजीत सिंह राय आदि मौजूद रहे।

### 13 फरवरी से मोर्चे पर डटे

13 फरवरी से शम्भू, खनौरी, डबवाली औररतनपुरा बॉर्डर पर किसानों के मोर्चे लगे हुए हैं, किसान नेताओं ने बताया कि सरकार ने हालिया समय में कई मंडियों को खत्म कर के गेहूं की फसल सीधे साइलो में लेकर जाने का आदेश जारी किया है जो पिछले दरवाजे से 3 कृषि कानूनों को दोबारा लागू करने के समान है। किसान नेताओं ने बताया कि 10 फरवरी से हरियाणा में सैंकड़ों किसानों को गिरफ्तार किया गया।

## उत्पादन और ऑर्डर अक्टूबर 2020 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचे

# मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी, 16 साल के उच्चतम स्तर पर पीएमआई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


भारत का मार्च मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 16 साल के हाई पर पहुंच गया है। उत्पादन और ऑर्डर अक्टूबर 2020 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं। एक निजी सर्वेक्षण से पता चला है कि मार्च में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने वित्त वर्ष 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है। इसके पीछे की वजह यह है कि कंपनियों ने मजबूत प्रोडक्शन और नए ऑर्डर के जवाब में नियुक्तियां बढ़ा दीं। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई फरवरी में 56.9 से बढ़कर मार्च में 16 साल के उच्चतम 59.1 पर पहुंच गया। जबकि, यह फरवरी 2008 के बाद से सबसे अधिक है।

### निवेश में तेज वृद्धि

पिछले महीने में भारत का मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट लगातार 33वें महीने बढ़ा है। यह उपभोक्ता, मध्यवर्ती और निवेश सामान क्षेत्रों में वृद्धि तेज होने के कारण हुआ है। फर्म ने मंगलवार को एक कहा, 'अक्टूबर 2020 के बाद से आउटपुट और नए ऑर्डर में सबसे मजबूत वृद्धि के कारण था। यह सर्वेक्षण के इतिहास में इनपुट इन्वेंट्री में दूसरे सबसे तेज उछाल के समानांतर था।'

**खास बातें**

- पीएमआई फरवरी में 56.9 से बढ़कर मार्च में 59.1 पर पहुंचा
- पीएमआई फरवरी 2008 के बाद से सबसे अधिक है
- कंपनियों ने नए ऑर्डर के कारण नियुक्तियां भी बढ़ा दी



### मुद्रास्फीति मार्च में बढ़ी

एचएसबीसी के अर्थशास्त्री लैम ने कहा, 'भारत का मार्च मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 2008 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों ने मजबूत उत्पादन और नए ऑर्डर के जवाब में नियुक्तियों का विस्तार किया। हाई डिमांड और क्षमता में थोड़ी सख्ती के कारण, इनपुट लागत मुद्रास्फीति मार्च में बढ़ी।' इन्वेंट्री पर्चेज सर्वे के इतिहास में मई 2023 के बाद 'दूसरी सबसे बड़ी सीमा' तक पहुंच गई। जबकि, रोजगार सृजन की गति हल्की थी, इसके बावजूद यह सितंबर 2023 के बाद से सबसे अच्छी स्थिति है।

### कंपनियां कुछ चीजों को लेकर आशावादी

*सर्वे से पता चला है कि भारतीय कंपनियां कुछ चीजों को लेकर आशावादी थीं, लेकिन समग्र भावना चार महीने के निचले स्तर पर आ गई। क्योंकि महंगाई की चिंता उनके आत्मविश्वास पर भारी पड़ रही थी। लागत का दबाव पांच महीनों में सबसे अधिक हो गया। कंपनियों ने कपास, लोहा, मशीनरी उपकरण, प्लास्टिक और स्टील के लिए अधिक कीमत चुकाई।*

### सरकार ने निर्धारित कर लक्ष्य संग्रह हासिल किया

*सरकार ने मजबूत आर्थिक गतिविधियों और बेहतर अनुपालन की मदद से वित्त वर्ष 2023-24 में 34.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर संग्रह के लक्ष्य को काफी हद तक हासिल कर लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कर राजस्व का कुल लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।'*

### संशोधित बजट में अनुमान बढ़ाया गया

*सरकार ने अप्रैल 2023- मार्च 2024 के लिए संशोधित बजट अनुमान में प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य बढ़ाकर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया था जबकि अप्रत्यक्ष कर (जीएसटी, सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क) के लिए अनुमान को घटाकर 14.84 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया था। इस दौरान 17 मार्च तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह (कॉरपोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर मिलाकर) 18.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया था।*

# जनवरी-मार्च में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 40 फीसदी घटा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- कोलियर्स की रिपोर्ट के अनुसार निवेश घटकर 99.5 करोड़ डॉलर

कार्यालय, आवासीय और भंडारण परिसंपत्तियों में धन का प्रवाह कम होने के कारण जनवरी-मार्च में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश सालाना आधार पर 40 प्रतिशत घटकर 99.51 करोड़ अमेरिकी डॉलर रह गया। कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, एक साल पहले की अवधि में संस्थागत निवेश 165.83 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। रियल एस्टेट सलाहकार ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि विदेशी कोषों ने 55 प्रतिशत, जबकि घरेलू निवेशकों ने 45 प्रतिशत का योगदान दिया। आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी-मार्च में कार्यालय में संस्थागत निवेश 38 प्रतिशत गिरकर 56.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा जो पिछले साल 90.76 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। आवासीय क्षेत्र में निवेश में 72 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। यह 36.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर से घटकर 10.26 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। औद्योगिक व भंडारण संपत्तियों में धन का प्रवाह 21.63 करोड़ अमेरिकी डॉलर से 18 प्रतिशत घटकर 17.77 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया।

### सोने में 50 रुपये की गिरावट, चांदी 430 रुपये चढ़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।** अबतक के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख की वजह से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 430 रुपये की तेजी के साथ 79,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी बाजारों में, कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,255 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर कम है। अमेरिकी डॉलर सूचकांक पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिससे कीमती धातु की कीमतों पर भी असर पड़ा।" हालांकि, चांदी की कीमतें 25.55 डॉलर प्रति औंस पर ऊंची थीं। इसका पिछला बंद भाव 25.13 डॉलर प्रति औंस था। कॉमेक्स हाजिर सोने के भाव के 2,270 डॉलर के स्तर को पार करने के बाद तेजी का रुख फिर से शुरू हो जाएगा।

**NOTICE**

I, hither to known as Jyoti Mehlan W/o Aditya Khokhar, R/o H.No. 80, behind Power House, Sector-2, Rohtak, Haryana-124001,have changed my name and Sshall here after be known as to Jyoti Khokhar It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

### संजय नायर ने एसोचैम के अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नई दिल्ली (भाषा)।** सोरिन इन्वेस्टमेंट फंड के चेयरमैन संजय नायर ने 2024-25 के लिए उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष का पदभार संभाला है। एसोचैम ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नायर ने स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह की जगह ली। एसोचैम के अध्यक्ष के तौर पर सिंह का कार्यकाल पूरा हो गया था। एसोचैम ने बयान में कहा, " नायर के पास वैश्विक वित्तीय और पूंजी बाजारों में चार दशक का अनुभव है। पिछले साल सेवानिवृत्त होने से पहले उन्होंने सिटी में 25 साल और केकेआर में करीब 14 साल काम किया।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**In The Court of Ms. Sonia Sheokand, Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur**
RIJUL MINOR
Vs.
GENERAL PUBLIC
**CNR No. : HRSOA0-000663-2023**
**H.m.g. Act/24/2023**
**Next Date : 22.05.2024**

**It is prayed that in view of the facts and humble submissions made above the petitioner Manita mother of the both minor may kindly be allowed to sell the share of the minor and the petitioner Manita mother of the both minor undertakes to bind herself to any condition as may be imposed by this Honourable Court.**

**PUBLICATION ISSUED TO :**
General Public
Ganaur, Teh. Ganaur, Distt. Sonepat, Haryana

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 22.05.2024 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat

**Sd/- Additional Civil Judge**
**(Senior Division), Ganaur**
Dated, this day of 30.03.2024

**प्रकाशन**
**ऋण वसूली ट्रिब्यूनल-II, चण्डीगढ़ ( डीआरटी 2 )**
**प्रथम तल, एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चण्डीगढ़ ( तृतीय और चतुर्थ तल पर आवंटित अतिरिक्त स्थल भी )**
**केस नं. : ओए नं. 1307 ऑफ 2023**
**[ ऋण वसूली ट्रिब्यूनल ( प्रक्रिया ) नियमों, 1993 के नियम 5 के उप-नियम ( 2ए ) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप धारा ( 4 ) के तहत सम्मन। ]**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**बनाम**
**मनोज सिंह**

सेवा में,
(1) मनोज सिंह पुत्र श्री विष्णु सिंह निवासी प्लॉट नं. 99, जू रोड भगत सिंह चौक, इन्द्रा कॉलोनी, जिला भिवानी, हरियाणा-127021.
पैन नं. : OEQPS5069F

**सम्मन**

चूंकि, **ओए** 1307/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष **05.12.2023** को सूचीबद्ध किया गया था।

चूंकि यह माननीय ट्रिब्यूनल आपके विरुद्ध दायर उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 (4) (ओए) के तहत रु. 2669441/- की ऋण वसूली हेतु सम्मन / सूचना जारी करने के लिये संतुष्ट है (दस्तावेजों की प्रतियों इत्यादि सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के अनुसरण में आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :

1. सम्मन की तामील के तीस दिन के अंदर कारण बताएं कि आवेदित छूट क्यों न प्रदान कर दी जाए;
2. मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों और परिसम्पत्तियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों का विवरण घोषित करें;
3. मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत घोषित प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के निपटान अथवा घोषित ऐसी अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों के साथ, लम्बित सुनवाई और सम्पत्तियों को संलग्न करने हेतु आवेदन के निपटान तक किसी भी प्रकार की डीलिंग से आपको निषेध किया जाता है;
4. मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत अपने व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया में जहां किन्हीं परिसम्पत्तियों में उसका प्रत्याभूत हित है को छोड़कर और/अथवा विनिर्दिष्ट अथवा घोषित अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को ट्रिब्यूनल की पूर्व अनुमति के बिना आप बिक्री, लीज अथवा अन्यथा किसी तरीके से हस्तांतरित नहीं करेंगे;
5. आप प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया के तहत बिक्री से प्राप्त बिक्री राशि हेतु खाते के प्रति देनदार होंगे और ऐसी बिक्री राशि वित्तीय संस्थानों के बैंक, जिनके पास ऐसी परिसम्पत्तियों पर प्रत्याभूत हित है, द्वारा रखे गये खाते में जमा करवानी होगी।

आपको आवेदक के पास भेजी गई इसकी एक प्रति सहित लिखित बयान दायर करने का और **21.05.2024 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार** के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश भी दिया जाता है जिसमें विफल रहने पर आवेदन पर सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।

**मेरे हस्ताक्षर व इस ट्रिब्यूनल की मोहर सहित दिनांक : 08.12.2023 को जारी किया गया।**

**सम्मन जारी करने के लिये प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर**

- सेंसेक्स 111 और निफ्टी 8.70 अंक टूटा
- निजी बैंक व वाहन शेयरों में रही मुनाफा वसूली

# शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी पर लगा ब्रेक

एजेंसी ▸▸ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 111 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच चुनिंदा निजी बैंकों और वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 110.64 अंक गिरावट के साथ 73,903.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 270.78 अंक तक नीचे चला गया था। निफ्टी भी 8.70 अंक की मामूली गिरावट के साथ 22,453.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सोमवार को कारोबार के दौरान अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू शेयर बाजारों के कल कारोबार के दौरान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के साथ बाजार में आज गिरावट आई।

### अदाणी के शेयर दूसरे दिन भी चढ़े

*अदाणी समूह के 10 सूचीबद्ध शेयरों में से नौ मंगलवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। लगातार दूसरे दिन समूह की कंपनियों के शेयरों में बढ़त जारी रही।*

### आदित्य बिड़ला फैशन 12 प्रतिशत चढ़ा

आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) का शेयर मंगलवार को करीब 12 प्रतिशत तेजी के साथ बंद हुआ। कंपनी ने सोमवार को अपने मदुरा फैशन एंड लाइफस्टाइल कारोबार को कंपनी से अलग से शेयर में तेजी आई। दिन में कारोबार के

## एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री, भुनाने के लिए एसओपी का खुलासा करने से किया इनकार

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उसकी शाखाओं से जारी किए गए चुनावी बॉन्ड की बिक्री और उन्हें भुनाने के लिए अपनी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का खुलासा करने से इनकार कर दिया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एक आरटीआई के जवाब में व्यावसायिक गोपनीयता के तहत दी गई छूट का हवाला देते हुए यह जानकारी देने से मना किया। सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत दायर एक आवेदन में अंजलि भारद्वाज ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री और उन्हें भुनाने के लिए एसओपी का विवरण मांगा था। एसबीआई के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी और उप महाप्रबंधक एम कन्ना बाबू ने अपने जवाब में 30 मार्च को कहा, ''अधिकृत शाखाओं को समय-समय पर जारी चुनावी बॉन्ड योजना-2018 की मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) आंतरिक दिशानिर्देश हैं, जिन्हें सूचना का अधिकार कानून की धारा 8(1) (डी) के तहत छूट दी गई है।''आरटीआई कानून की धारा 8(1)(डी) वाणिज्यिक विश्वास, कारोबारी गोपनीयता या बौद्धिक संपदा सहित ऐसी जानकारी के खुलासे से छूट देती है, जिसे बताने से प्रतिस्पर्धी स्थिति को नुकसान होगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संदीप पुत्र बलबीर सिंह,** निवासी गांव चीड़िया, थाना: चरखी दादरी, जिला चरखी दादरी, हरियाणा, ने **FIR No. 494/16 U/s 33/58 Delhi Excise Act, 279 IPC & 185 MV Act.,** के अंतर्गत थाना: **बवाना,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संदीप** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संदीप** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 494/16 U/s 33/58 Delhi Excise Act, 279 IPC & 185 MV Act.,** थाना: **बवाना,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **संदीप** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.05.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सौरभ गोयल, Ld. MM,**
कमरा नंबर 114 रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
**DP/3791/ON/2024**

### रुपया 83.42 रुपये प्रति डॉलर के भाव पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 83.42 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 83.34 के उच्चस्तर और 83.44 प्रति डॉलर के निचले स्तर के बीच घट-बढ़ के बाद अंत में तीन पैसे की गिरावट के साथ 83.42 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले सप्ताह बृहस्पतिवार को रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 83.39 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

**इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी**
**खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ**



**7 इल्मों के माहिर**
**आपके विश्वास का एक ही नाम 21सालों से एक ही स्थान पर**
**स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी**
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन,सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
**9988289203**

**ज्योतिष**

**समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये**
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन-दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते-बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
**दीपक शास्त्री**
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59
**8586896357**

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कार्बन मुक्त हरित पर्यावरण की दिशा में बीमा लोकपाल परिषद् की महत्वपूर्ण पहल

**मुंबई ।** बीमा लोकपाल संस्थान की स्थापना आरपीजी नियम 1998 के तहत की गई थी। इसके बाद, बीमा नियामक की धारा 24 द्वारा प्रदत्त शक्ति के अनुसार विकास प्राधिकरण अधिनियम 1999 {1999 का 41}, प्राधिकरण ने राजपत्र अधिसूचना संख्या जीएसटी 413(ई). के माध्यम से बीमा लोकपाल नियम 2017 बनाया जो 25.04.2017 को लागू हुआ। इस नियम का उद्देश्य एकल स्वामित्व और सूक्ष्म उपक्रमों को जारी सभी व्यक्तिगत बीमा, समूह बीमा पॉलिसियाँ, पॉलिसियाँ, एक लागत में बीमा कंपनियों और उनके एजेंटों और मध्यस्थों की ओर से प्रभावी और निष्पक्ष रूप सभी शिकायतों का समाधान करना है। बीमा लोकपाल कार्यालय (संख्या में पूरे भारत में 17) प्रशासनिक व्यवस्था के तहत काम कर रहे हैं। बीमा लोकपाल परिषद, मुंबई के नियंत्रण ने वित्त वर्ष 2023-24 में दिनांक 31.03.2024 को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया है। वर्ष 2023-24 में इसकी एक उल्लेखनीय उपलब्धि सर्वकालिक उच्च संख्या में शिकायतों के निपटान वाले संस्थान के रूप में देखी गई। बीमा लोकपाल परिषद द्वारा की गई सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है, अप्रैल 2023 में सभी लोकपालों के लिए डिजिटल हस्ताक्षर की शुरूआत, जिससे सभी पुरस्कार, बीमा लोकपाल द्वारा पारित मध्यस्थता (संस्तुति) पर डिजिटल रूप से हस्ताक्षर किए गए थे। शिकायतकर्ताओं और संबंधित बीमाकर्ताओं दोनों को तुरंत मेल किया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr. P.C देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नीतू छोकर** पुत्री रमेश चंद निवासी पट्टी कल्याना, पानीपत, हरियाणा ने **सीसी नं. 4078/2018 धारा 138 एनआई एक्ट** थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नीतू छोकर** मिल नहीं रही है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नीतू छोकर** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **नीतू छोकर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 13.05.2024** को या उसके पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री निहारिका कुमार शर्मा,**
**अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट,**
**उत्तर, कमरा नं. 117, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/3490/NW/2024**
**(Court Notice)**

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।


**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5470




**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 5469 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | फ्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | द्दा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| कोलकाता | 2 | 2 | 0 | 4 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| दिल्ली | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
203 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

# आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले 10वें खिलाड़ी बने रविचंद्रन अश्विन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 14वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस (MI) को 6 विकेट से हराते हुए अपना लगातार तीसरा मैच जीता। ये मुकाबला आरआर के रविचंद्रन अश्विन के लिए भी खास रहा।

दरअसल, मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया ये मुकाबला उनके आईपीएल करियर का 200वां मैच रहा। हालांकि वह इस मैच में कोई विकेट नहीं ले सके।

### सबसे ज्यादा मैच का रिकॉर्ड धोनी के नाम

भारत की प्रतिष्ठित लीग में सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी (253) ने सर्वाधिक मैच खेले हैं। उनके अलावा दिनेश कार्तिक (245), रोहित शर्मा (246), विराट कोहली (240), रविंद्र जडेजा (229), शिखर धवन (220), सुरेश रैना (205), रॉबिन उथप्पा (205) और अम्बाती रायडू (204) ऐसा कर चुके हैं। बता दें कि अश्विन ने 2009 में अपना पहला आईपीएल मैच खेला था। अश्विन आईपीएल इतिहास के 10वें ऐसे खिलाड़ी बने हैं, जिन्होंने लीग में 200 मैच खेले हैं।



### 5 टीमों से खेल चुके हैं अश्विन

अश्विन आरआर से पहले चेन्नई सुपरकिंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स की ओर से खेल चुके हैं। उन्होंने सीएसके की जर्सी में 24.22 की औसत के साथ 90 विकेट अपने नाम किए थे। DC की ओर से उन्होंने 36.10 की औसत से 20 विकेट चटकाए थे। इसके अलावा पीबीकेएस और आरपीएस से उन्होंने क्रमशः 25 और 10 विकेट लिए थे। आरआर की ओर से उन्होंने 27 विकेट लिए हैं।

### 5वें सबसे ज्यादा विकेट चटकाए

अश्विन ने 18 अप्रैल, 2009 को मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का आगाज किया था। उन्होंने 200 मैचों में 29.03 की औसत और 7.03 की इकॉनमी रेट से 172 विकेट अपने नाम किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/34 विकेट का रहा है। वह लीग में फिलहाल 5वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। दूसरी तरफ बल्लेबाजी में उन्होंने 1 अर्धशतक की मदद से 759 रन बनाए हैं।

### आईपीएल में रिटायर आउट होने वाले पहले खिलाड़ी

*आईपीएल 2022 में अश्विन ने एलएसजी के खिलाफ रिटायर आउट होने का फैसला किया था। अश्विन 19वें ओवर की 2 गेंद होने के बाद अचानक मैदान छोड़कर चले गए। नियमों के मुताबिक, वह रिटायर आउट हुए और रियान पराग बल्लेबाजी के लिए आए थे। अश्विन जानते थे कि रियान तेजी से रन बनाने में सक्षम हैं और उन्हें मौका देना टीम के हित में होगा। वह आईपीएल इतिहास में रिटायर आउट होने वाले पहले खिलाड़ी बने थे।*

### बेमिसाल रहा है अश्विन का टी-20 करियर

*अश्विन का टी-20 क्रिकेट करियर बेमिसाल रहा है। उन्होंने 312 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें लगभग 26 की औसत और 7 की इकॉनमी रेट के साथ 302 विकेट लिए हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8 रन देते हुए 4 विकेट लेना रहा है। वह टी-20 प्रारूप में 4 बार 4 विकेट हॉल ले चुके हैं। वह घरेलू क्रिकेट में तमिलनाडु क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 1,100 से अधिक रन बनाए हैं।*

## खबर संक्षेप



### भारत के अनिरूद्ध और विजय एटीपी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

**ह्यूस्टन।** भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की जोड़ी अमेरिका में एटीपी टूर पर पुरूषों की क्लेकोर्ट चैम्पियनशिप के युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। भारतीय जोड़ी ने अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी माइकल एममो और फ्रांसिस टियाफो को 6-3 , 6-4 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के चौथी वरीयता प्राप्त एम पर्सल और जे थॉम्पसन से होगा। प्रशांत इस समय युगल रैंकिंग में 101वें और चंद्रशेखर 113वें स्थान पर है।

### कोहली ने फिर खुद को निखार लिया : हसी



**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड हसी का मानना है कि विराट कोहली 'फिर से निखर' गए हैं। उन्होंने इस भारतीय बल्लेबाज के स्ट्राइक रेट पर बहस के बीच इस चैंपियन खिलाड़ी को नजरअंदाज करने के खिलाफ चेतावनी दी। आईपीएल के मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में सबसे आगे होने के बावजूद कोहली को पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पर्याप्त आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी नहीं करने के लिए कुछ आलोचना का सामना करना पड़ा। हसी से जब पूछा गया कि कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर चल रही बहस पर उनका क्या कहना है तो उन्होंने कहा, ''विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, क्या वह इस समय आईपीएल में नहीं हैं?'' उन्होंने कहा, ''वह काफी अच्छे खिलाड़ी हैं।

### लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर निकले धोनी, अगला मैच खेलने पर संशय



**मुंबई।** शुक्रवार को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के सामने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी। दोनों टीमें हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में आमने-सामने होंगी लेकिन महेन्द्र सिंह धोनी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलने पर संशय छाया हुआ है। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में धोनी को लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर जाते देखा गया। इसके बाद ऐसा माना जा रहा है कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ कैप्टन कूल प्लेइंग इलेवन से बाहर हो सकते हैं। मालूम हो कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में महेन्द्र सिंह धोनी ने ताबड़तोड़ पारी खेली। कैप्टन कूल ने 16 गेंदों पर 37 रन नॉटआउट बना डाले।

## लखनऊ की लगातार दूसरी जीत, मयंक यादव को तीन विकेट

# डिकॉक-मयंक के दम पर एलएसजी ने आरसीबी को 28 रन से हराया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

क्विंटन डिकॉक की 81 गेंद की ताबड़तोड़ पारी के बाद मैन ऑफ द मैच मयंक यादव (14 रन पर तीन विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 28 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। एलएसजी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 181 रन बनाने के बाद आरसीबी की पारी को 19.4 ओवर में 153 पर आउट कर दिया। आरसीबी की चार मैचों में यह तीसरी हार है। एलएसजी के पिछले मैच में अपने पदार्पण पर रफ्तार से प्रभावित करने वाले मयंक ने एक बार फिर शानदार गेंदबाजी करते हुए ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे बल्लेबाजों को अपनी गति से परेशान कर आउट किया। लखनऊ की टीम के लिए नवीन उल हक ने भी 25 रन देकर दो विकेट लिये। आरसीबी के लिए महिपाल लोमरोर ने 13 गेंद में 33 रन का योगदान दिया जबकि रजत पाटीदार ने 29 रन बनाये। डिकॉक ने अपनी 56 गेंद की पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाने के साथ पहले विकेट के लिए



लोकेश राहुल (14 गेंद में 20 रन) के साथ 53 रन और मार्कस स्टोइनिस (15 गेंद में 24 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की। निकोलस पूरन ने आखिरी ओवरों में 21 गेंद में पांच छक्के की मदद से नाबाद 40 रन बनाये। आरसीबी के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने चार ओवर में महज 23 रन देकर दो विकेट चटकाये। रीस टॉप्ली, यश दयाल और मोहम्मद सिराज को एक-एक सफलता मिली। दयाल ने चार ओवर में सिर्फ 24 रन दिये।

चिन्नास्वामी मैदान पर अपना सौवां आईपीएल मैच खेल रहे विराट कोहली (16 गेंद में 22 रन) ने कृणाल पंड्या के खिलाफ चौका और नवीन उल हक के खिलाफ छक्का लगाया लेकिन वामहस्त स्पिनर मणिमारन सिद्धार्थ का इस लीग में पहला शिकार बने। देवदत्त पडिक्कल ने अगले ओवर में फाफ डु प्लेसिस (13 गेंद में 19 रन) को रन आउट किया। मयंक की तेज गेंद का मैक्सवेल और ग्रीन के पास कोई जवाब नहीं था। इस 21 साल के गेंदबाज ने मैक्सवेल को 151 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद डालकर खाता खोले बगैर पूरन के हाथों कैच कराया जिससे आरसीबी का स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से तीन विकेट पर 43 रन हो गया। उन्होंने इसके बाद ग्रीन (नौ रन) को बोल्ड किया। आरसीबी की टीम 10 ओवर के बाद चार विकेट पर 63 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी।

**लखनऊ-181/5 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डिकॉक का डागर बो टॉप्ली | 81 |
| लोकेश का डागर बो मैक्सवेल | 20 |
| देवदत्त का रावत बो सिराज | 06 |
| मार्कस का डागर बो मैक्सवेल | 24 |
| निकोल्स पूरन नाबाद | 40 |
| आयुष का डुप्लेसिस बो दयाल | 00 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 00 |

अतिरिक्त:10
कुल योगः 20 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन
गेंदबाजीः टॉप्ली 4-0-39-1, दयाल 4-0-24-1, सिराज 4-0-47-1, मैक्सवेल 4-0-23-2, डागर 2-0-23-0, ग्रीन 2-0-25-0

**बेंगलुरु-153/10 (19.4)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| कोहली का पडिक्कल बो सिद्धार्थ | 22 |
| डु प्लेसिस रन आउट (पडिक्कल) | 19 |
| रजत का पडिक्कल बो यादव | 29 |
| मैक्सवेल का पूरन बो मयंक | 00 |
| कैमरून ग्रीन बो मयंक | 09 |
| अनुज का पडिक्कल बो स्टोइनिस | 11 |
| महिपाल का पूरन बो यश ठाकुर | 33 |
| कार्तिक का राहुल बो नवीन | 01 |
| मयंक डागर रन आउट | 00 |
| रीस टॉप्ली नाबाद | 03 |
| सिराज का पूरन बो नवीन | 12 |

अतिरिक्त:11
कुल योगः 19.4 ओवर में सभी आउटः 153 रन
गेंदबाजीः एम सिद्धार्थ 3-0-21-1, कृणाल 1-0-10-0, नवीन उल हक 3.4-0-25-2, मयंक 4-0-14-3, बिश्नोई 3-0-33-0, यश ठाकुर 4-0-38-1, स्टोइनिस 1-0-9-1

खास खबर

## अब तक जीत-हार में बराबर दिल्ली और केकेआर में भिड़ंत आज



**विशाखापट्टनम।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 16वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से आज 3 अप्रैल को विशाखापट्टनम में होगा। केकेआर इस सीजन में अपने दोनों मुकाबले जीत चुकी है। डीसी ने अब तक 3 मैच खेले हैं, जिसमें से 2 में उन्हें हार मिली है और 1 मैच में उन्होंने जीत दर्ज की है। इन दोनों टीमों का एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन जबर्दस्त रहा है। दिल्ली कैपिटल्स की नजरें बुधवार को आईपीएल के मैच में यह साबित करने पर लगी होंगी कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की नजरें जीत की हैट्रिक पर लगी होंगी। मैच को शाम 7.30 से शुरू होगा। केकेआर और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अब तक 32 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान डीसी को 15 मैच में जीत मिली है, जबकि केकेआर ने 16 मैच अपने नाम किए हैं। 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। आईपीएल 2023 में दोनों टीमों के बीच 1 मुकाबला खेला गया था, इसे डीसी ने अपने नाम किया था।

## अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों के साथ अभ्यास शिविर की मांग

***रोहतक।*** *राष्ट्रीय जूनियर महिला मुक्केबाजी कोच गीता चानू का मानना है कि भारत में खेल के विकास के लिये अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों के साथ एक महीने का अभ्यास शिविर लगाया जाना चाहिये। चानू ने कहा कि उजबेकिस्तान, कजाखस्तान और तुर्कमेनिस्तान जैसे देश विभिन्न आयुवर्ग के लिये साथ में अभ्यास और प्रतिस्पर्धा शिविर लगाते हैं। इससे कम उम्र में ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने जैसा अनुभव मिल जाता है। उन्होंने कहा हमारे खिलाड़ी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में ही अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों का सामना करते हैं।'' भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने यहां जूनियर लड़के और लड़कियों के लिये भारतीय खेल प्राधिकरण की जूनियर मुक्केबाजी अकादमी में शिविर का आयोजन किया था।*

## गोवाहाटी यूनिवर्सिटी को 80 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची मेजबान जेजेटीयू



भाषा ▶▶ नई दिल्ली/झुंझुनूं

- कप्तान लक्ष्य का दोहरा प्रदर्शन, अर्धशतकीय पारी के बाद झटके 2 विकेट
- एलपीयू फगवाडा ने एचआईएसटीयू चेन्नई को 18 रन से हराया
- अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई ने संबलपुर यूनिवर्सिटी को 6 विकेट से मात दी

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप में मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने गोवाहाटी यूनिवर्सिटी को 80 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं अन्य लीग मुकाबलों में एलपीयू फगवाडा ने एचआईएसटीयू चेन्नई को 18 रन से तथा अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई ने संबलपुर यूनिवर्सिटी को 6 विकेट से मात दी।जानकारी देते हुए चैंपियनशिप के आयोजन सचिव डॉ अरूण कुमार ने बताया कि पूल ए के लीग मुकाबले में मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज जतिन कादयान और अमित दलाल ने गोवाहाटी के गेंदबाजों पर शुरू से ही दबाव बनाते हुए पहले 4 ओवर में 39 रन स्कोर बोर्ड पर लगा दिए। इसके बाद उमाशंकर ने अपने पहले ओवर में ही 17 गेंद पर 33 रन बना चुके अमित दलाल व गौरव गौड़ का विकेट चटकाते हुए मेजबान टीम पर दबाव डालने का प्रयास किया। लेकिन इसके बाद कप्तान लक्ष्य दलाल और सलामी बल्लेबाज जतिन कादयान के बीच शतकीय सांझेदारी हुई। लक्ष्य दलाल ने 45 गेंद पर 7 छक्के व 4 चौके की मदद से 86 रन बनाए, जबकि चैंपियनशिप में शतक जमा चुके जतिन कादयान ने भी अर्धशतक (47 गेंद पर 56 रन) बनाया। मेजबान टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 196 रन बनाए। मेहमान टीम की ओर प्राचीर ने 3 विकेट व उमाशंकर ने 2 विकेट झटके। इस लक्ष्य का पीछा कर रही गोवाहाटी यूनिवर्सिटी की टीम पर मेजबान गेंदबाजों ने शुरू से ही शिकंजा कसते हुए खुलकर खेलने नहीं दिया। 9 ओवर में 36 रन पर 3 विकेट गंवा चुकी गोवाहाटी 19 ओवर में 112 रन पर ऑल आउट हो गई और मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी ने मैच 80 रन से जीत लिया।

## चैम्पियंस लीग टी-20 टूर्नामेंट फिर होगा शुरू

**बात कर रहे भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड बोर्ड**

**मुंबई।** भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड दस साल पहले बंद हो चुकी चैम्पियंस लीग क्लब टी20 चैम्पियनशिप को फिर शुरू करने के लिये आपस में बातचीत कर रहे हैं। आखिरी बार चैम्पियंस टी20 लीग का आयोजन 2014 में हुआ था जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस समय भारत से तीन, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से दो-दो और पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड से एक एक टीम ने इसमें भाग लिया था।

**इसके लिए विंडो बनाना बड़ी चुनौती : सीईओ**

क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने कहा कि अति व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर में इसके लिये विंडो बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। हो सकता है कि पहली चैम्पियंस लीग महिला क्रिकेट में हो जिसमें डब्ल्यूपीएल, द हंड्रेड और महिला बिग बैश लीग की टीमें खेलेंगी।

**हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम बोली- हम काफी उत्साहित**

## ओलंपिक की तैयारी के लिए पांच मैचों की सीरीज खेलने हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए 6 अप्रैल से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना हो गई है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम सोमवार की रात रवाना हुई। बता दें कि भारतीय टीम ने हाल ही में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो-लीग के चार में से तीन मैच जीते थे। 6 अप्रैल को पहले मैच के बाद सात, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होने हैं।

हमें मिलेगा सुधार का मौका, क्षमता पर पूरा भरोसा कप्तान हरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा कि इस दौरे को लेकर हम काफी उत्साहित हैं, इससे हमें पेरिस ओलंपिक से पहली अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा और सुधार का मौका भी मिलेगा। वहीं, उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि हम अपने कौशल और रणनीति को निखारने के लिये एक टीम के रूप में काफी मेहनत कर रहे हैं। हमें अपनी क्षमता पर भरोसा है। हमें यकीन है कि प्रदर्शन अच्छा होगा।



**श्रीलंका के गेंदबाजों के नाम रहा चौथा दिन, धड़ाधड़ गिरे विकेट**

# दूसरा टेस्ट: बांग्लादेश को जीत के लिए चाहिए 243 रन, श्रीलंकाई टीम की झोली में टेस्ट जाना तय

एजेंसी ▶▶ चटगांव

चटगांव टेस्ट में श्रीलंका क्रिकेट टीम ने जीत की ओर कदम बढ़ा लिया है। बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने जीत के लिए मिले 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी दूसरी पारी में 7 विकेट खोकर 268 रन बना लिए हैं। चौथे दिन के खेल की समाप्ति तक तैजुल इस्लाम (10) और मेहदी हसन मिराज (44) क्रीज पर सुरक्षित हैं।

बांग्लादेश को जीत के लिए 243 रन की दरकार है। लगातार गिर रहे विकेटों के बीच मेहदी हसन ने अपना संघर्ष जारी रखा है। वह 49 गेंदों पर 44 रन बनाकर क्रीज पर बने हुए हैं। श्रीलंका से लाहिरू कुमारा, प्रभात जयसूर्या और कामिंदु मेंडिस ने 2-2 विकेट लिए हैं।



### श्रीलंका ने घोषित की अपनी दूसरी पारी

कल के स्कोर 102/6 से आगे खेलने उतरी श्रीलंकाई टीम को 132 के स्कोर पर एंजेलो मैथ्यूज के रूप में 7वां झटका लगा। मैथ्यूज 74 गेंदों पर 56 रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंकाई टीम ने पहले सत्र के दौरान 157/7 के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी घोषित की। बांग्लादेश से हसन महमूद सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 65 रन देते हुए 4 विकेट चटकाए। खालेद अहमद ने 2 विकेट लिए।

### बांग्लादेश की खराब रही शुरुआत

जीत के लिए मिले विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेशी टीम की दूसरी पारी में भी खराब शुरुआत रही। मेजबान टीम से महमूदुल हसन जॉय (24) और जाकिर हसन (19) भी जल्दी पवेलियन लौट गए। सलामी बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने के बाद कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (20) भी टीम को संकट से नहीं उबार सके।

## चिंतन

# चीन को 'चीनी अंदाज' में कड़ा जवाब दे भारत

अरुणाचल प्रदेश के शहरों, गांवों, नदियों, झीलों, वन क्षेत्र आदि के बार बार नाम बदलने की चीनी हिमाकत का करारा जवाब दिया जाना जरूरी है। पहली बार 2017 में जब पहली बार चीन ने यह हिमाकत की थी, तभी भारत को कठोर एक्शन लेना चाहिए था। इस बार अरुणाचल प्रदेश के 30 जगहों के चीनी नाम चीन ने रख दिया है, इससे पहले तीन बार ऐसा कर चुका है। हर बार भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और चीनी करतूतों को खारिज किया, पर इससे बात नहीं बन रही है। चीन बार बार भारत को उकसावे वाली गतिविधियां करता रहा है। नाम रखने के अलावा, कभी अरुणाचल के लोगों को वीजा से इनकार तो कभी नेताओं के अरुणाचल दौरे पर आपत्ति जताता है। भारत व चीन सीमा क्षेत्र के बीच 1914 से मैकमोहन रेखा निर्धारित है, इसके बावजूद, चीन कभी लद्दाख में, कभी अरुणाचल प्रदेश में, कभी उत्तराखंड में सीमा पर विवाद खड़ा करता रहता है। गलवान की हिसंक झड़प के बावजूद चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीन अरुणाचल प्रदेश के पास सीमा पार अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रहा है। चीन कभी भी भरोसेमंद पड़ोसी नहीं रहा है, भारत के भरोसा जताने के बावजूद चीन ने धोखा ही दिया है। भारत और चीन के बीच हिमालय पर्वत क्षेत्र है, जो भौगोलिक रूप से दोनों देशों को विभाजित करता है, लेकिन हिमालय क्षेत्र में भारत की ओर के क्षेत्र पर चीन की हमेशा बुरी नजर रही है। कभी चीनी दीवार तक सिमटा चीन ने अपनी विस्तारवादी नीति के तहत पड़ोस के कई क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर चुका है। शिनझियांग, मकाऊ, तिब्बत आदि क्षेत्र कभी भी चीन का हिस्सा नहीं रहे, भारत से युद्ध के बाद भारत के क्षेत्र अक्साई चिन पर अवैध कब्जा जमाए हुए है। भारत को अरुणाचल में स्थानों का नाम बदलने के चीन के ''मूर्खतापूर्ण प्रयासों'' को सदा के लिए बंद करने के उपाय करने होंगे। पूर्व पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू की गलतियों को ठीक करते हुए, भारत को तिब्बत को लेकर नया मोर्चा खोलना चाहिए। चीन बेशक मजबूत है, लेकिन अभेद्य नहीं है। भारत को सामरिक और कूटनीतिक दोनों स्तर पर चीन को घेरना चाहिए। केवल चेतावनी देने से बात नहीं बन रही है। भारत के मजबूत नेता को चीन के दुस्साहस के खिलाफ मजबूत फैसले लेने होंगे। चीन की करतूतों को हर वैश्विक मंच पर बेनकाब करना होगा। चाणक्य के देश भारत को चीन के खिलाफ सतत कूटनीतिक माइंडगेम के हथियार का इस्तेमाल करते रहना पड़ेगा। सामरिक व सीमा विवाद मामले पर देश में राजनीति नहीं होनी चाहिए, जैसा अक्सर कांग्रेस करती रहती है। चीन के साथ विवाद कांग्रेस सरकार की गतलियों की वजह से ही बढ़ी है। 'हिंदी चीनी भाई भाई' नारे की कितनी भारी कीमत भारत ने उठाई, यह कांग्रेस की ही पंचशील नीति का खामियाजा थी। यह वास्तविकता जरूर है कि किसी के नाम बदलने या नया नाम रख देने से वह उसका नहीं हो जाएगा, लेकिन यह हिमाकत करना ही दूसरे राष्ट्र को उकसाना है। चीन यही कर रहा है। चीन भारत के साथ सीमा विवाद जानबूझ कर नहीं सुलझाना चाहता है, ऐसे में भारत को भी चीनी अंदाज में ही जवाब देना चाहिए। तिब्बत पर मोर्चा खोलना चाहिए, अक्साई चिन लेने का प्रयास करना चाहिए, कैलाश मानसरोवर समेत सभी भारतीय ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्र तक पहुंच भारतीय क्षेत्र से सुनिश्चित करनी चाहिए, पीओके और गिलगित-बाल्टिस्तान को भारतीय क्षेत्र में मिलाने के प्रयास से भी चीन के सीपेक को धक्का लगेगा। चीन के साथ ट्रेड को धीरे-धीरे जीरो स्तर पर लाना होगा।

## सवाल

आर.के. सिन्हा



# बांग्लादेश में भारत के दुश्मन कौन

जिस भारत ने 1970 तक के पूर्वी पाकिस्तान, की प्रताड़ित और पीड़ित आम जनता के हितों की रक्षा के लिए पाकिस्तान से युद्ध मोल लिया, उस बांग्लादेश का प्रमुख विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) लगातार भारत के खिलाफ जहर उगलता रहता है। उसके जहरीले अभियान से पड़ोसी मुल्क के कठमुल्लों को भी भारत और अपने ही बांग्लादेश के हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा करने का मौका मिल जाता है। बांग्लादेश में बीएनपी ने हाल ही में भारत के उत्पादों के बॉयकाट का आह्वान भी किया हुआ है। इसके चलते वहां प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार और विपक्ष आमने-सामने हैं। मुस्लिम बहुल बांग्लादेश में भारत विरोधी भावना कोई नई बात नहीं है। पिछले साल क्रिकेट विश्व कप में भारत की हार के बाद ढाका और कई शहरों में जश्न मना था। मैं स्वयं 1970 के भारत -पाक युद्ध में 'युद्ध संवाददाता'के हैसियत से बांग्लादेश में भारतीय सेना के साथ रहा था। युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने लाखों बांग्लाभाषी मुसलमानों को क़त्लेआम से बचाया। इन सभी अत्याचारों का मैं प्रत्यक्षदर्शी गवाह हूं,लेकिन बांग्लादेश की आज़ादी के बाद जब बंगबंधु शेख़ मुज़ीबुर रहमान ने सभी युद्ध संवाददाताओं के साथ वरिष्ठ संपादकों को एक विशेष ट्रेन भेजकर बुलाया, तभी जगह-जगह 'इंडियाज़ जिनीस-पत्तर भालो नेई' के वाल पेंटिंग देखने को मिले। जब मैंने शेख़ मुजीब के पीआरओ से पूछा कि भारत ने तो युद्ध के बाद लाखों बांग्लादेशियों को भुखमरी से बचाया, हज़ारों मकान बनवाए, फिर यह क्या चल रहा है?' तब पीआरओ ने कहा 'आप चिंता मत कीजिए। कुछ हिंदू विरोधी कट्टरपंथी हैं, उन्हें ठीक करने में सरकार लगी हुई है।' लेकिन वे तो आज भी बने हुए हैं, बल्कि कई गुना बढ़ गए हैं। बांग्लादेश में भारत के कथित हस्तक्षेप को लेकर विरोध और असहमति 1990 के दशक से देखी जा रही है, लेकिन हाल के वर्षों में विरोध के ये सुर कहीं ज़्यादा मुखर हुए हैं। बीएनपी और उसकी सहयोगी पार्टियों ने देश में बीती जनवरी में हुए आम चुनाव का बहिष्कार किया था। इस चुनाव में जीत के बाद शेख़ हसीना चौथी बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनी थीं। आम चुनाव के बाद से बीएनपी के अधिकांश नेता ये माहौल बनाने में जुटे हुए हैं कि बांग्लादेश के एकतरफ़ा चुनाव को सिर्फ़ भारत की वजह से वैधता मिली है और इसलिए लोगों को भारत और उसके उत्पादों का बहिष्कार करना चाहिए। संकेत बहुत साफ है कि बीएनपी भारत से नफरत करती है। हालांकि उसकी नफरत की वजह समझ से परे है। भारत का 1947 में बंटवारा हुआ। पंजाब और बंगाल सूबों के कुछ हिस्से पाकिस्तान में चले गए। आगे चलकर पाकिस्तान का वह भाग, जिसे पूर्वी पाकिस्तान कहते थे, 1971 में एक स्वतंत्र देश के रूप में विश्व मानचित्र पर उभरा । नए देश का नाम बांग्लादेश के रूप में जाना गया। उसकी स्थापना में भारत का योगदान रहा। वहां कट्टरता की एक तस्वीर लगातार देखने को मिलती रहती है। हिन्दुओं और प्राचीन हिन्दू मंदिरों पर हमले लगातार होते रहते हैं। कुछ साल पहले बांग्लादेश में अमेरिकी ब्लॉगर अविजित रॉय की निर्मम हत्या और उनकी पत्नी के ऊपर हुए जानलेवा हमले से वहां पर कट्टरता की बढ़ती ताकत का पता चलता है। वहां पर धर्मनिरपेक्ष ताकतों के लिए स्पेस जीवन के सभी क्षेत्रों में घट रहा है। अविजित रॉय बांग्लादेश मूल के अमेरिकी थे। वे हिन्दू थे। वे और उनकी पत्नी बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे थे। अविजित की हत्या से बांग्लादेश में हिन्दुओं की भयावह होती स्थिति पर पूरी दुनिया का ध्यान गया था। यह अफसोसजनक बात है कि बांग्लादेश में हिन्दू सुरक्षित नहीं हैं। जिस बांग्लादेश में 'हिफ़ाज़त-ए-इस्लाम' जैसा जहरीला संगठन सक्रिय होगा उसका भगवान ही मालिक है। यह अपने देश के लोगों को यह समझाने में सफल रहा कि इस्लाम खतरे में है। कैसे खतरे में है? यह कोई नहीं बता सकता। बांग्लादेश में 90 फीसदी से अधिक मुसलमान हैं। तस्लीमा नसरीन ने भी अपने उपन्यास लज्जा में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की दर्दनाक स्थिति पर विशतार से लिखा है, इसलिए ही उनकी जान के दुश्मन हो गए यह कट्टरपंथी। उसी विरोध के कारण तसलीमा को बांग्लादेश छोड़ना पड़ा था। तसलीमा लसरीन का उपन्यास 1993 में पहली बार प्रकाशित हुआ था। वह लज्जा में साम्प्रदायिक उन्माद के नृशंस रूप को सामने लाती हैं। लज्जा के आने के बाद कट्टरपंथियों ने उनके खिलाफ फतवा जारी किया था। बांग्लादेश की स्थापना के बाद लग रहा था कि वहां पर हिन्दुओं की स्थिति सुधर जाएगी। भारत की चाहत रही है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सत्तासीन रहें। निश्चित रूप से बांग्लादेश में शेख हसीना का सत्ता पर काबिज होना भारत और वहां के हिन्दुओं के हित में है।

(लेखक पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## एक देश, एक चुनाव

डॉ..रमेश ठाकुर

# चुनावों में फिजूल खर्ची रुकेगी

**देश में चुनाव पर बहुत ज्यादा पैसा फिजूल खर्च होता है। सवाल ये है आखिर ये समस्या रुके कैसे, हालांकि इसको लेकर एक चुनाव एक देश की मुहिम कारगर साबित हो सकती है। वन नेशन, वन इलेक्शन की मांग लंबे समय से उठती रही है। अब तो परिस्थितियां ऐसी हो गई है कि हर एक-दो साल के अंतराल पर किसी न किसी बड़ी विधानसभा के चुनाव करने पड़ते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ न होने से चुनावों में लगने वाले लंबे-चौड़े अमले, नेताओं और जनता के बहुमूल्य समय के साथ-साथ अकूत धन का क्षरण होता है। साथ ही बार-बार होने वाले चुनावों से विकास की गति बाधित होती है।**

चुनाव बहुत खर्चीले हो गए हैं, बिना पैसों के लड़ना अब संभव नहीं? सवाल ये है आखिर ये समस्या रुके कैसे, हालांकि इसको लेकर एक चुनाव एक देश की मुहिम कारगर साबित हो सकती है, क्योंकि हमारे यहां हर वक़्त चुनावी मौसम रहता है। इनमें काफी समय, धन और संसाधन बर्बाद होता है। यही वजह है कि वन नेशन, वन इलेक्शन की मांग लंबे समय से उठती रही है। प्रधानमंत्री मोदी की भी यही तमन्ना रही है, इसलिए गाहे-बगाहे वह अपनी इच्छा जताते रहे हैं। हाल ही में उनकी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक राष्ट्र, एक चुनाव की संभावनाओं की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी गठित कर इस मुद्दे को फिर से छेड़ दिया है।

गौरतलब है कि देश में एक साथ चुनाव की अवधारणा नई नहीं है। आजादी के बाद 1951-52 में पहले चुनाव से लेकर 1967 तक एक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे, लेकिन 1968 और 1969 में कुछ विधानसभाओं के समय से पूर्व भंग होने के कारण यह चलन जारी नहीं रह सका। अब तो परिस्थितियां ऐसी हो गई हैं कि हर एक-दो साल के अंतराल पर किसी न किसी बड़ी विधानसभा के चुनाव करने पड़ते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ न होने से चुनावों में लगने वाले लंबे-चौड़े अमले, नेताओं और जनता के बहुमूल्य समय के साथ-साथ अकूत धन का क्षरण होता है। साथ ही बार-बार होने वाले चुनावों से विकास की गति बाधित होती है, क्योंकि हर चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता से लागू हो जाती है। फिर आचार संहिता इतनी लंबी चलती है कि अगले दो-ढाई महीने तक तरक्की पर ब्रेक लग जाता है। निःसंदेह एक साथ चुनाव से इन तमाम विसंगतियों पर काबू पाया जा सकता है। गौर फरमाएं तो प्रधानमंत्री मोदी भी यही तर्क देकर कभी लाल किला की प्राचीर से तो कभी पीठासीन अधिकारियों की सम्मलेन में इसकी पुरजोर वकालत करते रहे हैं। उनके कार्यकाल में ही लॉ कमीशन, नीति आयोग और संसद की स्थायी समिति के जरिये इसकी समीक्षा की जा चुकी है। इस तरह मोदी सरकार द्वारा रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित यह चौथी समिति है। हालांकि इससे पूर्व की समितियों की सिफारिशों पर अब तक वर्तमान सरकार ने कोई निर्णय लिया है। इसकी वजह यह है कि यह कहने-सुनने में जितना व्यावहारिक और उचित लगता है, उतना शायद भारत जैसे संघीय और संवैधानिक ढांचे वाले मुल्क में आसान नहीं है। वैसे, मकसद और उद्देश्य अगर केवल समय और धन की बचत है तो फिर यह भी दलील दी जा सकती है कि हर पांच वर्ष में ही चुनाव क्यों कराए जाएं? उनकी समयावधि बढ़ाकर छह-सात वर्ष क्यों न कर दी जाए? इससे समय और धन की बचत तो हो जाएगी, लेकिन कई और समस्याएं खड़ी हो जाएंगी। मसलन अगर इनमें जीत दर्ज करने वाली कोई सियासी पार्टी अच्छा काम नहीं कर रही है और जन अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है तो उसे फिर जनता को पांच से अधिक वर्षों तक बर्दाश्त करने के लिए विवश होना पड़ेगा। हमारे देश में वैसे ही इसकी संभावनाएं प्रबल हैं



क्योंकि चुनावी वादे करके भूलना हमारे नेताओं और राजनीति दलों की आदत में शुमार है। चुनाव सुधारों के तौर पर मतदाताओं को अक्षम जनप्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार देने की मांग बेमानी हो जाएगी।

देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव फिलहाल अलग-अलग होने के बावजूद इसे शांतिपूर्वक सम्पन्न कराना निर्वाचन आयोग और सुरक्षा बलों के लिए बड़ी चुनौती होती है। इसमें काफी समय लगता है। मसलन 2019 के आम चुनाव सात चरणों में संपन्न हुए और इसमें 39 दिन अर्थात सवा महीने का समय लगा। इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगभग 2.7 लाख अर्द्धसैनिक बलों और 20 लाख पुलिस फोर्स का सहारा लेना पड़ा। इसी तरह बड़े राज्यों के विधानसभा चुनावों को कई फेज में कराना पड़ता है जिनके लिए काफी सुरक्षा बलों की तैनाती करनी पड़ती है। ऐसे में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव करवाने में लगने वाले समय और संसाधन का अंदाजा बखूबी लगाया जा सकता है। बात केवल इतनी भर नहीं है। असल में विविधता वाले हमारे देश में राजनीतिक परिस्थितियां इसके अनुकूल नहीं हैं। बहु-दलीय राजनीतिक व्यवस्था वाले हमारे देश में जनता के चुनावी मुद्दे एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र, एक राज्य से दूसरे राज्य और फिर राज्य से राष्ट्रीय स्तर तक अलग-अलग हैं। मुद्दों के साथ-साथ उनकी चुनावी प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं। किसी राज्य में लोग अपने यहां के क्षेत्रीय दलों को पसंद करते हैं तो किसी राज्य के राष्ट्रीय दलों को तरजीह देते हैं। भू-सामाजिक और राजनीतिक वैविधता से लोगों के सामने बहुत से विकल्प खुले होते हैं और जन-मानस अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही अलग-अलग प्रशासनिक स्तर पर दलों का चयन करते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराने से क्षेत्रीय दलों को काफी नुकसान होगा और उनकी संभावनाएं क्षीण होती जाएंगी, क्योंकि बदली हुई निर्वाचन प्रणाली में राष्ट्रीय मुद्दों और जनभावनाओं का प्रभुत्व होगा। हमारे देश में वैसे ही गठबंधन सरकारों का एक लंबा दौर रहा है। कई बार किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने और फिर आपस में गठबंधन की सहमति नहीं बन पाने से त्रिशंकु जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। एक साथ चुनाव कराने की स्थिति में अगर केंद्र में किसी दल या गठबंधन की सरकार बन जाती है और किसी राज्य में त्रिशंकु परिस्थितियां उत्पन्न हो गईं, ऐसे में हालात बड़े विचित्र हो जाएंगे। फिर यही बात केंद्र के लिए भी लागू होती है। ऐसी परिस्थितियों में क्या त्रिशंकु लोकसभा या विधानसभाओं को अगले पांच वर्षों तक फिर से एक साथ चुनाव होने की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी या फिर से फौरन चुनाव करवा कर समय, धन और संसाधनों की बर्बादी की जाएगी?


भारतीय संविधान में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के अपने-अपने अधिकार प्रदत्त हैं। इनके अनुसार ही यह कार्य करती हैं और जनहित वाली योजनाओं का सृजन करती हैं। इसके अतिरिक्त शासन का तीसरा स्तर भी है जो स्थानीय निकायों के जरिये चलता है। इसका मकसद स्थानीय सतह पर योजनाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित करना है। लोकसभा और विधानसभाओं के एक साथ चुनाव करवाने से स्थानीय निकायों में भी इसका प्रयोग किए जाने की मांग उठने लगेगी। सबसे बड़ी दिक्कत तो संसद के उच्च सदन राज्यसभा के सामने पेश आएगी जिसके सदस्यों का कार्यकाल 6 साल का होता है और इसमें से हर दो वर्ष पर एक-तिहाई सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होता है।

ऐसे में जाहिर तौर पर तो चुनाव संबंधी धन-संसाधन एवं समय की बर्बादी को कम करने, स्थिर शासन और बार-बार चुनाव से होने वाले अवरोधों को कम करने के लिए एक साथ चुनाव प्रासंगिक लगते हैं, लेकिन क्या यह व्यावहारिक भी हैं। इसका जवाब तलाश करने के लिए इस पर व्यापक चर्चा जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# सुख के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित

## दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# बहुरूपियों से हमेशा सतर्क रहें



संकलित

## प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतर ने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहा-भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया और बेचारे उस कबूतर के वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा कि मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे, क्योंकि अच्छे व्यक्ति केवल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नया वित्त वर्ष मंगलमय हो

हमारे देश में हर वर्ष वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है। देश में वर्ष 1867 में अंग्रेजों ने पहली बार बजट प्रस्तुत किया था। उन्होंने 1 अप्रैल से 31 मार्च को वित्तीय वर्ष घोषित करके इसे अपनी सुविधा के लिए रखा था। तब से ही हमारे देश में वित्तीय वर्ष की परंपरा 1 अप्रैल से 31 मार्च तक चलती आ रही है। उम्मीद है कि हमारे देश के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 महत्वपूर्ण रहेगा और केंद्र में जो भी सरकार सत्ता में आएगी, वो देश के आर्थिक विकास के लिए काम करेगी। कुछ अर्थशास्त्री यह भी अनुमान लगाए हुए हैं कि यह वर्ष देश की जीडीपी अर्थात सकल घरेलू उत्पाद के लिए बेहतर हो सकता है। इस वित्त वर्ष में सभी का कारोबार खूब फले-फूले, यह कामना करनी होगी। - **विकास परसाई**, रायगढ़

## ट्रेंड

### एकजुट होने का क्षण



ऑटिस्टिक लोग शिक्षा, रोजगार और सामाजिक समावेशन के अपने मौलिक अधिकारों में बाधाओं का सामना करना जारी रखते हैं। विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस उनके महत्वपूर्ण योगदान का जश्न मनाने, अपने अधिकारों को समझने के लिए एकजुट होने का एक क्षण है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### दुनिया अलग जगह होगी



यदि हम इस दुनिया में पर्याप्त संख्या में ऐसे लोगों का निर्माण कर सकें जिनका जीवन का अनुभव शारीरिक और मानसिक से परे हो, तो यह दुनिया एक बहुत अलग जगह होगी।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### चीन का नाम नहीं लेते



प्रधानमंत्री चीन का नाम नहीं लेते, विदेश मंत्री ना जाने क्यों चीन से घबराते हैं? चीन ने हमारे अरुणाचल की 30 जगहों के नाम बदल दिए-जयशंकर जी कहते हैं, क्या फ़र्क़ पड़ता है- मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो वह घर मेरा थोड़े ही हो जाएगा

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### नवाचार बढ़ने के प्रमाण



पूरे भारत में तकनीकी नवाचार के बढ़ने के प्रमाण। एक इंजीनियर जो अभी तक कोई अन्य डिलीवरी ऐप नहीं बना रहा है। संजीव आईआईटीआर स्तर 5 की स्वायत्तता को लक्षित करने के लिए जटिल गणित का उपयोग कर रहा है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# इजराइल अल जजीरा का संचालन बंद करेगा



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संसद द्वारा अल जजीरा चैनल को बंद करने जैसे फैसले के लिए कानून पारित किए जाने के बाद सोमवार को संकल्प जताया कि देश में इस चैनल का परिचालन बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि यह 'आंतकवादी चैनल' है जो उकसाता है। प्रसारक ने नेतन्याहू के उकसाने वाले दावे की निंदा करते हुए इसे 'खतरनाक, हास्यास्पद झूठ' बताया। अल जजीरा ने सोमवार देर रात एक बयान में कहा कि वह नेतन्याहू को अपने कर्मचारियों और कार्यालयों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार मानता है। चैनल के मुताबिक, उसके पत्रकार अपने साहसिक और पेशेवर कवरेज को जारी रखेंगे, और वह ''हर कानूनी कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।'' इजराइल के अल जजीरा के साथ लंबे समय से खराब संबंध रहे हैं। इजराइल चैनल पर उसके प्रति पूर्वाग्रह रखने का आरोप लगाता है। लगभग दो साल पहले दोनों के संबंध तब और बिगड़ गए जब इजराइली कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इजराइली सैन्य हमले के दौरान अल जजीरा की संवाददाता शिरीन अबू अकलेह की हत्या कर दी गई थी। अल जजीरा उन कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया घरानों में से एक है जिसने पूरे युद्ध के दौरान गाजा से खबरें दीं।

## ऑफ बीट

# जीवित पक्षियों के लिए नए 'जीवन वृक्ष' का पता चला

पक्षी जीनोम के अब तक के सबसे बड़े अध्ययन से पक्षी परिवार के पेड़ की उल्लेखनीय रूप से स्पष्ट तस्वीर सामने आई है। अध्ययन से पता चलता है कि पक्षियों के अधिकांश आधुनिक समूह डायनासोर के विलुप्त होने के 50 लाख वर्षों के भीतर पहली बार दिखाई दिए।



पक्षी हमारे जीवन का एक बड़ा हिस्सा हैं, शहरों में भी यह प्रकृति का प्रतीक हैं। वे आम जनता के बीच लोकप्रिय हैं और वैज्ञानिकों द्वारा उनपर काफी अध्ययन किया गया है। लेकिन इन सभी पक्षियों को एक पारिवारिक वृक्ष में रखना निराशाजनक रूप से कठिन रहा है। 360 से अधिक पक्षी प्रजातियों के जीनोम का विश्लेषण करके, हमारे अध्ययन ने जीवित पक्षियों के प्रमुख समूहों के बीच मौलिक संबंधों की पहचान की है। नया पारिवारिक वृक्ष पक्षी संबंधों के बारे में कुछ पिछले विचारों को उलट देता है, साथ ही कुछ नए समूहों का भी खुलासा करता है। पक्षी परिवार के पेड़ की तीन प्रमुख शाखाएँ हैं। पहली शाखा में टिनमस और रैटाइट्स शामिल हैं, जिनमें एमु, कीवी और शुतुरमुर्ग जैसे बिना उड़ने वाले पक्षी शामिल हैं। दूसरी शाखा में भूमिपक्षी और जलपक्षी – मुर्गियाँ, बत्तखें इत्यादि हैं। अन्य सभी पक्षी तीसरी शाखा में आते हैं, जिसे निओवेस के नाम से जाना जाता है, जिसमें 95% पक्षी प्रजातियाँ शामिल हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




## अमित शाह का कांग्रेस नेता पर तीखा हमला

### दोनों नेताओं में कोई मुकाबला नहीं हो सकता, क्योंकि...

# मोदी कभी छुट्टी नहीं लेते, जबकि राहुल विदेश में अवकाश मनाते हैं



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच कोई तुलना नहीं है। मोदी ने 23 साल में एक दिन भी अपने काम से छुट्टी नहीं ली। राहुल गांधी गर्मियां आते ही विदेश चले जाते हैं। कांग्रेस पार्टी उन्हें 6 महीने ढूंढती रहती है। शाह बेंगलुरु के पैलेस ग्राउंड में आयोजित शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- मोदी ने 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में काम किया। अब तक उन पर 25 पैसे के भ्रष्टाचार का भी आरोप नहीं लगा। शाह ने कहा- दूसरी तरफ, भ्रष्टाचार का यह घमंडिया गठबंधन है। मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के 10 साल के शासन के दौरान 12 लाख करोड़ रुपए का घोटाला और भ्रष्टाचार हुआ।

**2024 के लोकसभा चुनाव में एक तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए है। दूसरी ओर परिवारवादी और भ्रष्टाचारियों का इंडी गठबंधन है।**

- भ्रष्टाचार का यह घमंडिया गठबंधन है, मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के 10 साल के शासन के दौरान 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला और भ्रष्टाचार हुआ।
- मैं देश के करीब 60 प्रतिशत राज्यों में गया हूं। हर जगह लोग मोदी मोदी के नारे लगा रहे हैं।
- मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि कर्नाटक में भाजपा-जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) सभी 28 लोकसभा सीटें जीतेंगी।
- पीएम मोदी ने इस बार सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के सामने 400 पार का लक्ष्य रखा है, पार्टी कार्यकर्ताओं से मेरी अपील है कि मिशन को पूरा करें।

### कर्नाटक में भाजपा-जेडीएस सभी सीटें जीतेगी

अमित शाह ने आगे कहा- मैं देश के करीब 60 प्रतिशत राज्यों में गया हूं। हर जगह लोग मोदी-मोदी के नारे लगा रहे हैं। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि कर्नाटक में भाजपा-जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) सभी 28 लोकसभा सीटें जीतेंगी। हम राज्य में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलने देंगे। शाह ने कहा- पीएम मोदी ने इस बार सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के सामने 400 पार का लक्ष्य रखा है। 2014 के चुनाव में कर्नाटक की जनता ने 43 फीसदी वोट देकर हमें 17 सीटें दीं। 2019 में पार्टी ने 51 फीसदी वोट के साथ 25 सीटें जीतीं। इस बार लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से मेरी अपील है कि भाजपा गठबंधन को सभी 28 सीटों पर जीत दिलाएं।

## पीएम मोदी ने जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति खत्म की : जेपी नड्डा

**जबलपुर (मध्यप्रदेश)।** भाजपा के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की उस राजनीतिक संस्कृति में बदलाव किया है जिसमें कभी जातिवाद, वंशवाद और तुष्टिकरण हावी हुआ करता था। उन्होंने कहा कि मोदी ने इस राजनीतिक संस्कृति की जगह विकास की प्रवृत्ति स्थापित की। लोकसभा चुनाव से पहले, जबलपुर में प्रबुद्ध जनों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन ₹इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस'' ('इंडिया') भ्रष्ट और वंशवादी नेताओं का समूह है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति में बदलाव किया है। मैं चाहता हूं कि जनता वोट बैंक की सियासत की वह पुरानी राजनीतिक शैली याद करे जो केवल जाति पर केंद्रित थी।

### पहले देश में होती थी जाति आधारित राजनीति

नड्डा ने आरोप लगाया कि कभी जाति आधारित राजनीति देश की सियासत का मुख्य एजेंडा हुआ करती थी। उन्होंने कहा, ₹उन दिनों राजनीति करने का दूसरा तरीका वंशवादी शासन था। केवल एक परिवार के सदस्य आगे रहते थे, जबकि बाकी लोगों को सिर्फ ताली बजानी होती थी।₹ नड्डा ने यह भी कहा कि पहले देश में तुष्टिकरण की राजनीति हावी थी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ''...लेकिन आज हम कह सकते हैं कि मोदी के आने के बाद वंशवाद की राजनीति, जातिवाद की राजनीति और तुष्टिकरण की राजनीति खत्म हो गई है।



### चीजें बदल गई और बदलती रहेंगी

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 10 साल पहले प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के कमान संभालने के बाद जनता की यह मानसिकता बदल गई है। नड्डा ने कहा, ₹आम आदमी की मानसिकता बदल गई है और वह विश्वास करने लगा है कि चीजें बदल सकती हैं। चीजें बदल गई हैं और बदलती रहेंगी। यह देश में एक राजनीतिक बदलाव है।

## आम चुनाव में मेरी जीत लोकसभा से मेरे निष्कासन का करारा जवाब होगी : महुआ

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर सीट से बड़े अंतर से अपनी जीत का दावा करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की वरिष्ठ नेता महुआ मोइत्रा ने कहा कि उनकी जीत पिछले साल उन्हें लोकसभा से निष्कासित करने और 'नकद के बदले सवाल पूछने' के मामले में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की ₹साजिश₹ का करारा जवाब होगी। मोइत्रा ने कहा कि संवैधानिक लोकतंत्र को ₹खत्म करने₹ के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी प्रयासों के बावजूद, भारत इतना महान देश है कि इसे फासीवादी ताकतें नष्ट नहीं कर सकतीं। टीएमसी ने मोइत्रा को पिछले साल लोकसभा से निष्कासित किए जाने के बाद कृष्णानगर सीट से फिर से टिकट दिया है। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पर "भगवा खेमे के राजनीतिक एजेंट'' के तौर पर काम करने का आरोप लगाया।

### निर्वाचन आयोग ने अपनी स्वतंत्रता खोई

मोइत्रा ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने ₹अपनी स्वतंत्रता खो दी है क्योंकि आयुक्तों का चयन उस समिति द्वारा किया जाता है जहां केंद्र के पास दो-तिहाई बहुमत है। उन्होंने कहा, " मेरी जीत में कोई संदेह नहीं है। यह इस बारे में है कि अंतर कितना बड़ा होगा, जिसका फैसला चार जून को होगा। मैं यहां रहती हूं और पिछले पांच वर्षों से अपने लोगों के बीच हूं और उससे पहले भी एक विधायक के रूप में उनके बीच थी। इसलिए यह एक बहुत मजबूत संबंध है, और सच कहूं, तो यहां ऐसा बिल्कुल नहीं लग रहा है कि कोई चुनाव हो रहा है।



### 2019 में मिले थे 45% वोट

मोइत्रा ने 2019 के चुनाव में 60,000 से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की थी और उन्हें कुल 45 प्रतिशत मत मिले थे। लोकसभा में मुखरता के लिए जानी जाने वाली मोइत्रा को पिछले साल दिसंबर में निचले सदन से निष्कासित कर दिया गया था। संसदीय आचार समिति की रिपोर्ट में उन्हें उपहार और रिश्वत स्वीकार करने का दोषी ठहराया गया था।

## लालू की बेटी रोहिणी सारण को अपनी कर्मभूमि बनाएंगी

**सारण/पटना (भाषा)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने मंगलवार को अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा कि वह सारण को जल्द ही अपनी 'कर्मभूमि' बनाएंगी। वह सारण लोकसभा सीट से राजद की प्रत्याशी हैं। सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता और पिता को किडनी दान करने के कारण हाल के दिनो में चर्चा में रहीं आचार्य ने मंगलवार को पटना से सारण के लिए रवाना होने से पहले माता-पिता (लालू प्रसाद और राबड़ी) के चरण स्पर्श किए और घर में बने मंदिरों में पूजा-अर्चना की। आचार्य ने यहां संवाददाताओं से कहा, "हमने कल बाबा हरिहा नाथ का आशीर्वाद लिया। अब मैं सारण में अपने मतदाताओं से मिलने जा रही हूं।



### आपके अपार प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत

मंगलवार को प्रचार अभियान के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए आचार्य ने कहा, "मैं सारण के लोगों से मिल रहे अपार प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। यहां के मतदाता जिस तरह से मुझसे मिल रहे हैं उससे ऐसा लगता है जैसे कि एक बेटी अपने घर आई हो। मैं धन्य हूं। यह (सारण) मेरे पिता की 'कर्मभूमि' रही है और अब यह मेरी कर्मभूमि होने जा रही है।" सारण में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा।



## मेरठ के 'राम' चले नामांकन भरने

**मेरठ।** दूरदर्शन पर पूर्व में प्रसारित लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में श्रीराम की भूमिका निभाने वाले अभिनेता अरुण गोविल ने मंगलवार को मेरठ लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर नामांकनपत्र दाखिल कर दिया। इस दौरान गोविल के साथ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे। मौर्य ने संवाददाताओं से कहा, ' अरुण गोविल जी ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। यहां आज कार्यकर्ताओं और जनता में जबर्दस्त विश्वास है कि भाजपा उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट और पूरे देश में 400 सीट जीतने का लक्ष्य प्राप्त करेगी।'

**कांग्रेस की एक और सूची सामने आई**

### 17 उम्मीदवारों में शर्मिला और राजू भी शामिल



कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। वाईएस शर्मिला रेड्डी आंध्र प्रदेश के कडप्पा से, एमएम पल्लम राजू काकीनाडा से चुनाव लड़ेंगे। मो.जावेद को किशनगंज और तारिक अनवर को कटिहार से चुनावी मैदान में उतारा गया है।

**पशुपति ने की नड्डा से मुलाकात**

### एनडीए को समर्थन देने की बात दोहराई



राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के मुखिया पशुपति कुमार पारस ने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद पारस ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। हमारी रालोजपा के ऊपर पुनः विश्वास व्यक्त करने के लिए हृदयतल से आभारी हूं।

## भाजपा देश में रूस और चीन जैसा शासन चाहती है : फारूक



**जम्मू (भाषा)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश में रूस और चीन जैसा शासन दोहराना चाहती है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) देश के संविधान की रक्षा के लिए आगे आया है भले ही यह 'हमारी जान' की कीमत पर हो। उन्होंने 1970 के दशक में श्रीलंका को सौंपे गए कच्चातिवु द्वीप के मुद्दे पर भी केंद्र पर निशाना साधा और सवाल किया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार लद्दाख में चीन की 'लगातार घुसपैठ' और अरुणाचल प्रदेश में भूमि पर उसके दावों पर चुप क्यों है। अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा, "संविधान की रक्षा के लिए 'इंडिया' का गठन किया गया है क्योंकि ऐसी आशंका है कि (भाजपा द्वारा) संविधान को समाप्त कर दिया जाएगा।

## सिर्फ भाजपा ही भ्रष्टाचारियों को जेल भेज सकती है : आदित्यनाथ



**बदायूं/पीलीभीत (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी लोकसभा चुनाव को 'भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने' के बीच का मुकाबला करार देते हुए मंगलवार को दावा किया कि सिर्फ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही भ्रष्टाचारियों और माफिया तत्वों को जेल में डाल सकती है। आदित्यनाथ ने बदायूं और पीलीभीत लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलनों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा, ''देश का अगले लोकसभा चुनाव में 'भ्रष्टाचार' बनाम 'जीरो टॉलरेंस' (भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करना) का मुकाबला है। भ्रष्टाचारियों और माफिया की जगह जेल में होनी चाहिये। यह तय करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति की सरकार चाहिए।

# मध्य प्रदेश: अंचलवार चुनावी रणनीति के साथ आमने सामने भाजपा-कांग्रेस

**5,63,40,064** कुल मतदाता राज्य में


**29 लोस सीटें**

**2,89,51,705** पुरुष मतदाता

**2,73,87,122** महिला मतदाता

**16,02,647** वोटर 18-19 साल के

**चार माह में बढ़े 3 लाख वोटर**



**ओ.पी. पाल ▶▶। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश को फतेह करने के लक्ष्य को लेकर प्रमुख रुप से भाजपा और कांग्रेस अंचलवार अलग अलग चुनावी रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। राज्य की 29 सीटों पर चार चरणों में मतदान होगा, जिसमें पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को होगा। जहां कांग्रेस के सामने पिछले चुनाव की हार से सबक लेकर बाजी पलटने की चुनौती होगी, वहीं भाजपा के सामने इस तमाम लोकसभा सीटों पर परचम लहराने मौका है। लेकिन माना जा रहा है कांग्रेस की तैयार की गई नई रणनीति के सामने भाजपा के लिए मध्य प्रदेश को फतेह करना आसान भी नहीं होगा।

**70 से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 28 लाख से अधिक**

### दो सीटों पर पुरुषों के आगे महिला वोटर

पहले चरण में 19 अप्रैल को जिन छह लोकसभा सीटों पर चुनाव में एक करोड़ 1.12 करोड 71 हजार मतदाता वोटिंग करेंगे, जिसमें सर्वाधिक 20.97 लाख मंडला और सबसे कम 16.28 लाख मतदाता छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में हैं। खासबात ये है कि इस चरण में मंडला और बालाघाट ऐसी हैं, जहां महिला मतदाता की संख्या पुरुषों से ज्यादा है। यानी मांडला सीट पर 20,97,051 मतदाताओं में 10,48,930 और बालाघाट सीट पर 18,71,270 मतदाताओं में महिला मतदाताओं की संख्या 941821 है।

### अलग-अलग समीकरण

मध्य प्रदेश में भौगोलिक, सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से लोकसभा या फिर विधानसभा के चुनाव में अलग अलग समीकरण सामने आते रहे हैं। इसलिए राज्य के अलग अलग जोन यानि मालवा-निमाड, महाकौशल, विंध्य, चंबल, बुंदेलखंड, मध्य भारत में जहां भाजपा ने पिछले चुनाव में जीत का आधार बने वोट बैंक को और ज्यादा बढ़ाने के लक्ष्य के साथ नई रणनीति तैयार की है। भाजपा इस सभी सीटों पर जीत हासिल करके मध्य प्रदेश को फतेह करना चाहती है, ताकि उसके 400 पार के नारे को साकार किया जा सके। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव मैदान में उतरी कांग्रेस पार्टी ने भाजपा से एक कदम आगे बढ़कर मध्य प्रदेश की लोकसभा सीटों को आठ जोन भोपाल जोन, चंबल जोन, बुंदेलखंड जोन, विंध्य जोन, नर्मदापुरम जोन, महाकौशल जोन, उज्जैन जोन और मालवा-निमाड जोन में विभाजित करके हर लोकसभा सीट पर एक प्रभारी नियुक्त किया है। दरअसल प्रदेश में जातिगत समीकरण भी किसी भी प्रत्याशी की हार जीत का फैसला करने में समक्ष है, इसीलिए भाजपा व कांग्रेस ने जाति व धर्म के आधार पर कई प्रत्याशियों को टिकट दिये हैं।

### तू डाल-डाल, मै पात-पात

लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की 29 सीटों पर काबिज होने के इरादे के साथ भाजपा ही नहीं, बल्कि कांग्रेस भी अपनी ठोस रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतरते हुए 'तू डाल-डाल, मै पात-पात' की कहावत को चरितार्थ करती नजर आ रही है। मसलन भाजपा ने पिछले विधानसभा में राज्य संगठन के चुनाव प्रबंधन की सफलता के फार्मूले के आधार पर लोकसभा सीटों को सात जोन में बांटकर अपनी रणनीति तैयार की है। यही नहीं भाजपा अन्य राज्यों में भी एमपी फार्मूले को अमल लाकर चुनावी रणनीति को हवा दे रही है। दूसरी ओर भाजपा के इस एमपी फार्मूले को टक्कर देने के इरादे से कांग्रेस ने भी राज्य की सभी लोकसभा सीटों को आठ जोन में बांटकर हर लोकसभा क्षेत्र में 'वार रुम' स्थापित किये हैं, जहां हर सीट पर एक प्रभारी की नियुक्ति की है, जो कांग्रेस प्रत्याशी, लोकसभा क्षेत्र, जिला प्रभारी एंव संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारियों और कांग्रेस संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे।

### भाजपा ने ऐसे जीती थी 28 सीटें

लोकसभा 2019 को हुए पिछले चुनाव में मध्य प्रदेश की 29 सीटों में से भाजपा ने 28 सीटों पर जीत हासिल की थी। जहां तक जोनों के आधार पर राजनीतिक दलों द्वारा विभाजित लोकसभा सीटों का सवाल है, उसमें भाजपा को सबसे ज्यादा भोपाल जोन यानी मध्य भारत में सर्वाधिक 64.6 फीसदी वोट मिले थे। जबकि बुंदेलखंड जोन की सीटों पर 62.18, मालवा-निमाड जोन में 58.44, विंध्य जोन में 56.32, महाकौशल जोन में 52.69 तथा ग्वालियर-चंबल जोन में 51.50 फीसदी वोट हासिल कर जीत हासिल की थी। जबकि कांग्रेस को चंबल जोन में सबसे ज्यादा 38.53 फीसदी और बुंदेलखंड जोन में सबसे कम 39.28 फीसदी वोट ही मिल सके थे और चुनावी नतीजे भाजपा की झोली में चले गये।

### इस सीट पर चुनौती

मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा लोकसभा सीट ऐसी है, जिसे भाजपा मोदी लहर में भी नहीं जीत पाई। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता कमलनाथ का गढ़ कही जाने वाली इस सीट को छोड़कर भाजपा ने बाकी सभी 28 सीटों पर जीत का परचम लहराया था। इस बार भाजपा ने इस सीट के लिए अपनी नई रणनीति बनाकर ज्यादा फोकस किया है। कांग्रेस ने इस बार पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ को प्रत्याशी बनाया है, जिसे चुनौती देने के लिए भाजपा ने बंटी कुमार साहू को ठोस रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतारा है।

### 5.64 करोड़ चुनेंगे सांसद

मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर इस बार चुनाव में 5,63,40,064 मतदाता प्रत्याशियों के लोकसभा जाने का रास्ता तय करेंगे। इनमें 2,89,51,705 पुरुष तथा 2,73,87,122 महिला मतदाता है। इस बार 18-19 साल आयु वाले 16,02,647 नए युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। प्रदेश में 75,246 सर्विस मतदाता भी हैं। 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 28 लाख से अधिक हैं। यहां जबकि नवंबर 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 5.60 करोड़ मतदाता थे। यानी पिछले 4 महीने में 3 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज किये गये हैं।

### चुनाव मैदान ये प्रमुख दल

मध्य प्रदेश में जहां भाजपा सभी सीटों पर अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है, तो वहीं कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के सपा व अन्य दलों के साथ चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया है। राज्य में भाजपा के प्रमुख प्रत्याशियों में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, फग्गन सिंह कुलस्ते, महेन्द्र सोलंकी, संध्या राय, आशीष दुबे, अनिता नागर, लता वानखेड़े व बंटी कुमार साहू जैसे प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने हाईब्रांड दिग्वजय सिंह, पूर्वमंत्री कांतिलाल भूरिया, कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ, महेश परमार, नीलम मिश्रा और अरुण श्रीवास्तव जैसे उम्मीदवरों पर दांव खेला है। इनके अलावा बसपा और भारत आदिवासी पार्टी भी मध्य प्रदेश में ताल ठोक रही है।

### मप्र में किस चरण में कहां-कहां होगी वोटिंग

**पहला चरण(19 अप्रैल) :** सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, छिंदवाड़ा।

**दूसरा चरण(26 अप्रैल) :** टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद, बैतूल।

**तीसरा चरण(07 मई) :** मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़।

**चौथा चरण(13 मई) :** देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन, खंडवा।




# 8 साल पहले

## बीते पांच सालों में हुए सुधारों के मिल रहे अच्छे नतीजे

# भारत का रक्षा निर्यात 15 सौ करोड़ था अब 21 हजार करोड़ रु. का आंकड़ा पार

*भारतीय उद्योग ने वर्तमान में रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाली 100 कंपनियों के साथ डिजाइन और विकास की अपनी क्षमता दुनिया को दिखाई है*


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। आज से 8 साल पहले यह आंकड़ा 1521 करोड़ रुपए था अब वित्तीय वर्ष 2023-24 में ही देश का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है।

पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में यह 32.5 फीसदी बढ़ा है। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र और डीपीएसयू सहित हमारे रक्षा उद्योगों ने हाल के वर्षों में सराहनीय प्रदर्शन दर्ज किया है। रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने रक्षा निर्यात में नया मील का पत्थर पार करने पर सभी हितधारकों को बधाई दी है।

सरकार की नीतिगत पहलों और रक्षा उद्योग के सहयोग से भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा निर्यात में अहम उपलब्धि हासिल की थी। पिछले वित्त वर्ष में भारत का रक्षा निर्यात लगभग 16 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था, जो वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में लगभग 3,000 करोड़ रुपए ज्यादा है। भारत का रक्षा निर्यात 2016-17 के बाद से 10 गुना से ज्यादा बढ़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं



### भारत इस समय 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा

भारत फिलहाल 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा है। अब पिछले साल के मुकाबले रक्षा निर्यात ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 32.5 फीसदी की छलांग लगाई है। इस वर्ष रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय उद्योग ने वर्तमान में रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाली 100 कंपनियों के साथ डिजाइन और विकास की अपनी क्षमता दुनिया को दिखाई है। पिछले पांच साल के दौरान इस क्षेत्र में हुए सुधारों के अच्छे नतीजे मिल रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रिकॉर्ड रक्षा निर्यात को देश की एक उल्लेखनीय उपलब्धि बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा- स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार 21000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं।

### आठ सालों में भारत का रक्षा निर्यात

(करोड़ रुपए में)

| | |
|---|---|
| 2016-17 | 01,521 |
| 2017- | 104,682 |
| 2018-19 | 10,745 |
| 2019-20 | 09,115 |
| 2020-21 | 08,434 |
| 2021-22 | 12,814 |
| 2022-23 | 15,920 |
| 2023-24 | 21,083 |

### सरहद पर मुस्तैदी के साथ खड़ी सेना राजनाथ सिंह

पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सैन्य टकराव जारी रहने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरहद पर भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है। बीते कुछ दिनों से चीन एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को लेकर तमाम बयानबाजी कर रहा है। हद तो तब हो गई, जब चीन ने अरुणाचल के कुछ क्षेत्र को नए नाम दिए थे। हालांकि चीन ने इस हरकत पर विदेश मंत्री जयशंकर ने दो टूक शब्दों में कहा था कि नाम बदलने से कोई चीज उनकी नहीं हो जाती है। इस बीच, पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सैन्य टकराव जारी रहने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरहद पर भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है। कमांडरों को संबोधित करते हुए सिंह ने रक्षा और सुरक्षा को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए सेना के नेतृत्व की सराहना की है।

## अभेद्य सुरक्षा : वायु सेना ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर 3.5 किमी लंबी आपातकालीन लैंडिंग पट्टी पर किए 9 ट्रायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए भारतीय सेना लगातार कदम उठा रही है। इसी क्रम में भारतीय वायु सेना ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबिहड़ा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की 3.5 किमी लंबी आपातकालीन हवाई पट्टी का मंगलवार को तड़के परीक्षण किया।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायुसेना ने मंगलवार को भोर होने से पहले हवाई पट्टी पर कम से कम नौ ट्रायल परीक्षण किए। यह परीक्षण लगभग 03:45 बजे शुरू हुआ और 04:30 बजे तक समाप्त हुआ। परीक्षण के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्ग की ओर मोड़ दिया गया था, जबकि पट्टी के दोनों किनारों पर तीन स्तरीय सुरक्षा लगाई गई थी।

**कहां हुआ ट्रायल** *अनंतनाग के बिजबिहड़ा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की 3.5 किमी लंबी आपातकालीन हवाई पट्टी का परीक्षण किया*



### प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत कार्यों में भी होगा उपयोग

*अधिकारियों ने कहा कि भारतीय वायुसेना के इन परीक्षणों का उद्देश्य आपातकालीन लैंडिंग की व्यवहार्यता का पता लगाना था, जिसके लिए चिनूक हेलीकॉप्टर का उपयोग किया गया। भारतीय वायु सेना का चिनूक हेलीकॉप्टर सैन्य परिवहन, आपदा राहत और रसद सहायता सहित विभिन्न सैन्य अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस हवाई पट्टी का निर्माण 119 करोड़ रुपए की लागत से 2020 में शुरू हुआ। इस पट्टी का उपयोग रणनीतिक उद्देश्यों के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बचाव और राहत कार्यों के लिए भी किया जा सकता है।*

### अलजजीरा चैनल का प्रसारण किया बंद

## पीएम नेतन्याहू ने आतंकवादी चैनल बताते हुए कहा- हमास के गुंडों को हटाने का सही वक्त

एजेंसी ▶▶ यरुशलम

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संसद द्वारा अल जजीरा चैनल को बंद करने जैसे फैसले के लिए कानून पारित किए जाने के बाद सोमवार को संकल्प जताया कि देश में इस चैनल का परिचालन बंद कर दिया जाएगा।

उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि यह 'आंतकवादी चैनल' है जो उकसाता है। नेतन्याहू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "अल जजीरा ने इजरायल की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाया, सात अक्टूबर के नरसंहार (हमास द्वारा इजराइल पर हमला) में सक्रिय रूप से भाग लिया और इज़राइली सैनिकों के खिलाफ उकसाया। अब हमारे देश से हमास के गुंडों को हटाने का समय आ गया है।

प्रसारक ने नेतन्याहू के उकसाने वाले दावे की निंदा करते हुए इसे 'खतरनाक, हास्यास्पद झूठ' बताया।



### अल जजीरा ने कहा कवरेज जारी रखेंगे

अल जजीरा ने सोमवार देर रात एक बयान में कहा कि वह नेतन्याहू को अपने कर्मचारियों और कार्यालयों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार मानता है। चैनल के मुताबिक, उसके पत्रकार अपने साहसिक और पेशेवर कवरेज को जारी रखेंगे। इजरायल के अल जजीरा के साथ लंबे समय से खराब संबंध रहे हैं। इजरायल चैनल पर उसके प्रति पूर्वाग्रह रखने का आरोप लगाता है।

### 33 वें महानिदेशक बने

## ले.जनरल सिदाना ने ईएमई के डीजी का कार्यभार संभाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लेफ्टिनेंट जनरल जेएस सिदाना ने इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियर्स के 33वें महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे मध्य कमान मुख्यालय के ईएमई के मास्टर जनरल रहे हैं और उन्होंने आर्मी बेस वर्कशॉप और ईएमई सेंटर की कमान संभाली है। उन्होंने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पमाला अर्पित कर कोर के बहादुरों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल जेएस सिदाना ने 1



अप्रैल, 2024 को इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियर्स (डीजीईएमई) के 33वें महानिदेशक और ईएमई कोर के वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट के रूप में पदभार संभाला। अपने 38 वर्षों से अधिक के करियर के दौरान, उन्होंने कई महत्वपूर्ण रेजिमेंट, कमान, अनुदेशात्मक और स्टाफ नियुक्तियों के पद संभाले हैं।

### आईआईएम संबलपुर का नया कदम

## अब नौकरीपेशा लोग कर सकेंगे व्यावसायिक पढ़ाई

नई स्किल को बढ़ावा मिलेगा और संगठनात्मक विकास होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नौकरीपेशा युवाओं के स्किल को बढ़ाने भारत के टॉप संस्थानों में शुमार आईआईएम संबलपुर ने अपने दिल्ली कैंपस में एमबीए फॉर वर्किंग प्रोफेशनल्स (2024-2026) प्रोग्राम में एडमिशन के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया है।आवेदन की आखिरी तारीख 15 अप्रैल है। 2साल के इस प्रोग्राम को उद्यमशीलता के साथ नई स्किल को बढ़ावा देने और संगठनात्मक विकास को आगे बढ़ाने के लिहाज से डिजाइन किया गया है।

### लोगों के हिसाब से तैयार किया सिलेबस



इस प्रोग्राम में एडमिशन लेने वाले युवाओं को बिजनेस मैनेजमेंट के अलग-अलग क्षेत्रों की जानकारी दी जाएगी। इसमें वित्त, मार्केटिंग, रणनीति, मानव संसाधन प्रबंधन और संचालन के बारे में बताया जाता है। एग्जीक्यूटिव एमबीए कोर्स के सिलेबस को भी कामकाजी पेशेवर यानी नौकरी करने वाले लोगों के हिसाब से तैयार किया गया है।

### इस तरह किया जाएगा चयन

इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों के पास स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना जरूरी है। इसके अलावा आवेदक के पास कम से कम 3 साल नौकरी करने का अनुभव होना जरूरी है। इस कोर्स के लिए आवेदन करने के बाद आपका इंटरव्यू लिया जाएगा और इसके आधार पर ही चयन किया जाएगा।




## इंदिरा सरकार ने 1974 में भारत का ये कच्चाथीवू द्वीप श्रीलंका को दे दिया था

## कच्चाथीवू पर भारत से बात नहीं हुई, लौटाने को कहेंगे तो जवाब देंगे: श्रीलंका के मंत्री जीवन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका के मंत्री ने कहा है कि भारत ने अब तक कच्चाथीवू द्वीप को लेकर उनकी सरकार से कोई बात नहीं की है। एक इंटरव्यू में श्रीलंका के मंत्री जीवन थोंडामन ने कहा कि भारत ने कच्चाथीवू पर अधिकार लौटाने को लेकर उनसे कोई मांग नहीं की है। अगर भारत की तरफ से ऐसी कोई बात आई तो हम जरूर जवाब देंगे।दरअसल, तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा था कि केंद्र सरकार कच्चाथीवू को वापस हासिल करने के लिए जरूरी कदम उठा रही है। वहीं, जानकारी के मुताबिक श्रीलंका की कैबिनेट में कच्चाथीवू को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। श्रीलंका के मंत्री का ये बयान उस वक्त आया है, जब सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-श्रीलंका के बीच स्थित कच्चाथीवू द्वीप पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि इंदिरा सरकार ने 1974 में भारत का ये द्वीप श्रीलंका को दे दिया था।



- कच्चाथीवू 285 एकड़ में फैला एक द्वीप है
- मछुआरों के मसले पर राजनीति कर रहे हैं दोनों दल



### कांग्रेस और डीएमके अपनी जिम्मेदारी से बच

एस जयशंकर ने कहा था, कच्चाथीवू और मछुआरों के मसले पर अब कांग्रेस और डीएमके इस तरह का व्यवहार कर रही हैं कि उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है और आज की केंद्र सरकार इस मसले को हल करे। जैसे इसका कोई इतिहास नहीं है, जैसे येअभी हुआ है। कांग्रेस-डीएमके वे लोग हैं। जो इस मसले को उठा रहे हैं। पिछले 20 साल में 6184 भारतीय मछुआरों को श्रीलंका ने पकड़ा। भारत की मछली पकड़ने वाली 1175 नावें सीज की गईं। जब भी कोई गिरफ्तारी होती है, जो ये लोग मुद्दा उठाते हैं। चेन्नई में बैठकर बयान देना आसान है।

### 1974 के समझौते की तीन शर्तें थीं

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था कि 1974 में इंडिया और श्रीलंका ने एक समझौता किया, जिसके जरिए दोनों देशों के बीच समुद्री सीमा का निर्धारण हुआ। इस सीमा को तय करते वक्त कच्चाथीवू को श्रीलंका को दे दिया गया। इस समझौते की 3 और शर्तें थीं।

1. दोनों देशों का अपनी जल सीमा पर पूरा अधिकार और संप्रभुता होगी।
2. कच्चाथीवू का इस्तेमाल भारतीय मछुआरे भी कर सकेंगे और इसके लिए किसी ट्रैवल डॉक्यूमेंट की आवश्यकता नहीं होगी।
3. भारत और श्रीलंका की नौकाएं एक-दूसरे की सीमा में आ सकेंगी जैसा वह परंपरागत रूप से करती आ रही हैं।

### रामेश्वरम से 19किमी दूर है कच्चा थीवू

भारत के तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच काफी बड़ा समुद्री क्षेत्र है। इस समुद्री क्षेत्र को पाक जलडमरूमध्य कहा जाता है। यहां कई सारे द्वीप हैं, जिसमें से एक द्वीप का नाम कच्चाथीवू है। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक कच्चाथीवू 285 एकड़ में फैला एक द्वीप है। ये द्वीप बंगाल की खाड़ी और अरब सागर को जोड़ता है। ये द्वीप 14वीं शताब्दी में एक ज्वालामुखी विस्फोट के बाद बना था। जो रामेश्वरम से करीब 19 किलोमीटर और श्रीलंका के जाफना जिले से करीब 16 किलोमीटर की दूरी पर है। रॉबर्ट पाक 1755 से 1763 तक मद्रास प्रांत के अंग्रेज गवर्नर हुआ करते थे। इस समुद्री क्षेत्र का नाम रॉबर्ट पाक के नाम पर ही पाक स्ट्रेट रखा गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25